हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 317, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 मई, 2023 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## 'आटा पहले या डेटा पहले, सड़क पहले या सैटेलाइट पहले', गहलोत के सामने पीएम मोदी ने कसा तंज

### सरकार दिन-रात कर रही काम, जनता-जनार्दन के जीवन को आसान बनाना प्राथमिकता



नाथद्वारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के नाथद्वारा में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने राजस्थान की जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्रीनाथ जी और मेवाड़ की इस वीर धरा पर मुझे एक बार फिर आने का अवसर मिला है। यहां आने से पहले मुझे भगवान श्रीनाथ जी के दर्शन का सौभाग्य मिला, मैंने श्रीनाथ जी से आजादी के इस अमृतकाल में विकसित भारत की सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा है।

पीएम मोदी ने अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कहा, 'कुछ लोग इतनी नकारात्मकता से भरे होते हैं कि उन्हें देश में कुछ भी अच्छा होता दिखाई नहीं देता। उन्हें केवल विवाद पैदा करना पसंद है। आपने कुछ लोगों को 'कि आता पहले या दाता पहले' कहते सुना होगा, लेकिन इतिहास गवाह है कि तेज गति से विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर भी जरूरी है।' उन्होंने कहा कि नकारात्मकता से भरे हुए लोगों में न दूरदृष्टि होती है और न ही वे राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर देख पाते हैं।

दूरदृष्टि के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर न बनाने का नुकसान राजस्थान ने भी खूब उठाया है। इस मरुभूमि में कनेक्टिविटी के अभाव में आना-जाना कितना मुश्किल होता था, ये आप भलीभांति जानते हैं। इस कारण यहां खेती किसानी, व्यापार, कारोबार सब कुछ मुश्किल था। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार सेवा भाव को ही भक्ति भाव मानकर दिन-रात काम कर रही है। जनता-जनार्दन के जीवन को आसान बनाना हमारी सरकार के सुशासन की प्राथमिकता है। हर नागरिक के जीवन में सुख-सुविधा और सुरक्षा का कैसे विस्तार हो, इसके लिए निरंतर काम चल रहा है।

पीएम ने आगे कहा कि राष्ट्ररक्षा के लिए राणा प्रताप के शौर्य, भामाशाह के समर्पण और वीर पन्नाधाय के त्याग की गाथाएं, इस मिट्टी के कण-कण में रची-बसी हैं। अपनी विरासत की इस पूंजी को हमें अधिक से अधिक देश-दुनिया तक ले जाना आवश्यक है। इसलिए आज भारत सरकार अपनी धरोहरों के विकास के लिए अलग-अलग सर्किट पर काम कर रही है।

**पीएम मोदी ने राजस्थान के लोगों को दी बधाई**- पीएम मोदी ने कहा, 'आज मैंने 5500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए राजस्थान के लोगों को बधाई देता हूं। हमारी सरकार राजस्थान में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने पर ध्यान दे रही है।'

**राजस्थान जितना विकसित होगा, भारत को उतनी मिलेगी गति**- पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र पर विश्वास करती है। राजस्थान देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। राजस्थान जितना विकसित होगा, भारत के विकास को भी उतनी ही गति मिलेगी। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, 'मैं पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं को समर्पित करेंगे। राजस्थान में अच्छे काम हुए हैं, राजस्थान में सड़कें अच्छी हैं।

## सिंगापुर जा रही इंडिगो फ्लाइट की इंडोनेशिया में इमरजेंसी लैंडिंग, अटकी रही यात्रियों की सांसें

नई दिल्ली। भारत के तिरुचिरापल्ली से सिंगापुर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट की इंडोनेशिया में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। तकनीकी खराबी के बाद पायलट ने यह फैसला लिया। फ्लाइट सुरक्षित लैंड करा ली गई। जांच के बाद विमान में कोई खराबी नहीं पाई गई है। हालांकि विस्तृत जांच के लिए अभी विमान को उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी गई है। खबर के अनुसार, इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट 6ई-1007 तिरुचिरापल्ली से सिंगापुर जा रही थी लेकिन रास्ते में पायलट को विमान में कुछ जलने की बू आई। इस पर तुरंत पायलट ने तय प्रक्रिया का पालन करते हुए विमान को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया। इसके बाद विमान को इंडोनेशिया के मेदान इलाके में कुआलानामु एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। लैंडिंग के बाद विमान की जांच की गई तो प्राथमिक तौर पर अभी विमान में कोई खराबी नहीं मिली है लेकिन अभी विमान इंडोनेशिया के एयरपोर्ट पर ही है और विस्तृत जांच के बाद ही इसे उड़ान की इजाजत दी जाएगी। विमान के यात्रियों को एक अन्य विमान से सिंगापुर भेजा गया है। इससे पहले बीती अप्रैल में भी इंडिगो की एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी।

## राहुल गांधी की मतदाताओं से अपील, चलो बनाते हैं '40 फीसदी कमीशन-मुक्त' और प्रगतिशील कर्नाटक



नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कर्नाटक के लोगों से एक प्रगतिशील और "40 प्रतिशत कमीशन-मुक्त" राज्य बनाने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा अपने दक्षिणी गढ़ को बरकरार रखते हुए इतिहास रचने की कोशिश कर रही है, जबकि जुझारू कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले वापसी की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने 'कांग्रेस विनिंग150' हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए हिंदी में ट्वीट किया, "कर्नाटक का वोट पांच गारंटी के लिए, महिलाओं के अधिकार के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, गरीबों के उत्थान के लिए।

आइए, ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें। '40 फीसदी कमीशन मुक्त और प्रगतिशील कर्नाटक का साथ में निर्माण करें। उन्होंने कांग्रेस की पांच गारंटियों वाला एक ग्राफिक भी साझा किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य के लोगों से बदलाव के लिए मतदान करने का आग्रह किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी कर्नाटक में भी बड़े पैमाने पर प्रचार किया था। उन्होंने ट्विटर पर कहा, विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने के साथ ही मैं कर्नाटक के अपने सभी बहनों और भाइयों से आग्रह करती हूं कि वे बाहर निकलें और बदलाव के लिए वोट करें। कांग्रेस विनिंग150' हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए प्रियंका ने कहा, यह समय एक मजबूत एवं विकास करने वाली और सक्षम सरकार लाने का है, जो आप लोगों की भलाई के लिए निरंतर काम करें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कर्नाटक के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने पहले ही एक प्रगतिशील और पारदर्शी सरकार चुनने का फैसला कर लिया है। खरगे ने ट्वीट किया, कर्नाटक के लोगों ने फैसला किया है कि वे एक प्रगतिशील, पारदर्शी और कल्याणकारी सरकार चुनेंगे। आज बड़ी संख्या में मतदान करने का समय है। हम लोकतंत्र की प्रक्रिया में भाग लेने वाले उन सभी लोगों का स्वागत करते हैं जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं। बता दें कि कर्नाटक में 224 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। यह चुनाव मुख्य रूप से सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चलेगा। राज्य भर में 58,545 मतदान केंद्रों पर कुल 5,31,33,054 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 2,615 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत तय करेंगे। मतों की गिनती 13 मई को होगी।

## दिग्गज अरबपति ने लाइन में खड़े होकर डाला वोट, युवाओं को दी बड़ी सीख, बोले- बिना मतदान, आलोचना नहीं

बेंगलुरु। कर्नाटक में आज विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं। लोकतंत्र के इस पर्व में लोग पूरे उत्साह में वोट डालने मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में शुमार इंफोसिस के संस्थापक सदस्य नारायणमूर्ति भी बेंगलुरु की जयानगर विधानसभा सीट पर अपना वोट डालने पहुंचे। खास बात ये है कि अरबपति बिजनेसमैन नारायणमूर्ति ने सामान्य लोगों की तरह लाइन में लगकर मतदान किया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसके बाद लोग नारायणमूर्ति की सादगी की तारीफ कर रहे हैं। नारायण मूर्ति की पत्नी और मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता सुधा मूर्ति भी नारायणमूर्ति के साथ वोट डालने पहुंची। वोट डालने के बाद मीडिया से बात करते हुए सुधा मूर्ति ने युवाओं को सीख देते हुए कहा कि 'कृपया हमें देखें, हम बूढ़े हैं लेकिन हम छह बजे उठकर यहां आए और वोट दिया। कृपया हमसे सीखें। वोट देना लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।' मूर्ति ने कहा कि 'मैं हमेशा कहती हूं कि युवाओं को वोट देना चाहिए क्योंकि उनके पास बात करने की ताकत है और बिना वोट किए आपके पास वो ताकत नहीं रहेगी।' वहीं नारायणमूर्ति ने कहा कि 'पहले हमें मतदान करना चाहिए, उसके बाद ही हम कह सकते हैं कि यह अच्छा है, यह अच्छा नहीं है लेकिन अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो हमें आलोचना करने का भी अधिकार नहीं है।' नारायणमूर्ति ने कहा कि 'यह बड़ों की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं के साथ बैठें और उन्हें समझाएं कि मतदान करना क्यों जरूरी है। यही मेरे माता-पिता ने कहा था।' दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रकाश राज भी सुबह ही वोट डालने मतदान केंद्र पहुंच गए थे। प्रकाश राज ने भी आम लोगों की तरह सुबह सात बजे ही लाइन में लगकर वोट किया। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलकेणी ने भी बेंगलुरु के कोरामंगला सीट पर मतदान किया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने अपने परिवार के साथ वोट किया। मतदान से पहले येदियुरप्पा अपने परिवार के साथ शिकारीपुर के श्री हुच्चराय स्वामी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। येदियुरप्पा ने मतदान के बाद दावा किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने हुबली के एक हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मतदान किया। बोम्मई ने भी लाइन में लगकर आम आदमी की तरह वोट किया।



## बेल्लारी में वोटिंग के दौरान बवाल, आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता, एक शख्स घायल



हुबली (कर्नाटक)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। इस बीच कर्नाटक के बेल्लारी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इसमें एक कांग्रेस नेता घायल हो गए हैं। बेल्लारी ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई थी। दरअसल, स्थानीय नेता पहले भाजपा के साथ थे, लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में मतदान चल रहा था। इसी दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई है। इस झड़प में कांग्रेस नेता उमेश यादव घायल हो गए। वहीं, कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को खदेड़ा। वहीं, एक अन्य घटना गंगावती केंद्रीय निर्वाचन क्षेत्र के बूथ संख्या 159 और 160 पर सामने आई। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की कर्नाटक राज्य प्रगति पक्ष पार्टी (केआरपीपी) के कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। बता दें कि केआरपीपी गली जनार्दन रेड्डी द्वारा बनाई गई राजनीतिक पार्टी है। रेड्डी गंगावती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## सपा विधायक की गुंडई, गौरीगंज कोतवाली में पुलिस के सामने बीजेपी प्रत्याशी के पति को पीटा



अमेठी। अमेठी की गौरीगंज कोतवाली में मतदान से एक दिन पूर्व सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर भाजपा प्रत्याशी के पति को जमकर पीटा। इस दौरान खूब गालीगलौज हुआ और पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रही। मतदान दिवस के एक दिन पहले ही गौरीगंज नगर पालिका में माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया है। पुलिस पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा की जा रही अवैध हरकतों को लेकर मंगलवार की शाम से धरना प्रदर्शन कर रहे गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह दूसरे दिन काफी उग्र हो गए। विधायक और उनके समर्थकों ने पुलिस पर भाजपा समर्थकों को बचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को कटघरे में लेना शुरू कर दिया। कोतवाली के बाहर कई थानों का पुलिस बल बुलाया गया था। इसी बीच विधायक ने अपनी पिस्टल निकालकर कर लाने की धमकी भी दी। तभी भाजपा प्रत्याशी रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह कोतवाली के बाहर जाते हुए दिखे। सपा समर्थकों ने उनको घेर लिया और की मौजूदगी में उनकी गाड़ी पीटना शुरू कर दी। धीरे से बचने के लिए दीपक सिंह ने अपनी गाड़ी कोतवाली के अंदर घुसा दी। जहां पर सपा विधायक व उनके समर्थकों ने कोतवाली के भीतर ही भाजपा प्रत्याशी के पति को जमकर पीटा। हाथापाई में विधायक के भतीजे अरुणेंद्र सिंह को भी चोट लगी है। पुलिस ने किसी तरह से भाजपा प्रत्याशी के पति को खींचकर बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। इसके बाद भाजपा के भी कुछ समर्थक कोतवाली के भीतर आ गए। स्थिति बिगड़ते देख कप्तान डॉ. इलामारन कई थानों की पुलिस के साथ गौरीगंज कोतवाली पहुंचे। बाहर कुछ सपा कार्यकर्ताओं को भी मारा पीटा गया है। दोनो पक्ष मुकदमे की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। फिलहाल स्थिति बेहद तनावपूर्ण है।

## कानपुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक से कुचलकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत





कानपुर। किसान नगर के पास देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने फैक्ट्री से लौट रहे बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को राहगीरों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। स्वजन को जब हादसे की सूचना मिली तो उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया। कानपुर देहात के रनियां विसायकपुर निवासी 22 वर्षीय अतुल पाल सचेंडी स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में काम करता था। इसी फैक्ट्री में मूल रूप से फतेहपुर जनपद के बकेवर केसरीपुर निवासी शिवलाल सिंह का 20 वर्षीय बेटा गौरव सिंह भी काम करता था। गौरव नौबस्ता में किराए पर कमरा लेकर रहता था। रविवार रात फैक्ट्री से ड्यूटी खत्म करने के बाद अतुल अपनी बाइक से गौरव को छोड़ने आ रहा था। तभी किसान नगर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी जिससे दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। भागने के प्रयास में ट्रक ने दोनों को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक चालक को राहगीरों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। सचेंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि स्वजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## नाइजीरिया में फंसे 150 भारतीय लगा रहे वतन वापसी की गुहार

### डेगोटे आयल रिफायनरी कम्पनी की सब कांट्रेक्टर केम टेक कम्पनी ने वर्करों को नहीं दिया नौ माह के वेतन, भोजन के लाले



प्रखर कुशीनगर। अफ्रीकन देश नाइजीरिया में रोजी - रोटी कमाने गए 150 भारतीयों को पिछले नौ माह का वेतन नहीं मिला है। जिससे उन्हें रोटी के लाले पड़े हैं। परेशान मजदूर सोसल मीडिया के माध्यम व अन्य माध्यमों से स्वदेश वापसी की गुहार लगा रहे हैं। भारत से नाइजीरिया कमाने गए ये मजदूर डेगोटे आयल रिफायनरी कम्पनी (सब कांट्रेक्टर केम टेक कम्पनी) में काम करते हैं। जिन्हें न्यूनतम 1400 दरहम मासिक वेतन प्लस करके मिलता है। नौ माह से वेतन न मिलने से परेशान मजदूर अपनी पीड़ा को भारतीय एम्बेसी, जनप्रतिनिधियों, मीडिया व प्रवासी ग्रुप तक पहुंचाने के लिए फेसबुक, वाट्सएप, काल के माध्यम से अपनी पीड़ा बयान कर रहे है। इन वर्करों में शामिल सिवान निवासी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा पुत्र दूध नाथ सिंह जो वेल्डर हैं। ने बताया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्रा, झारखंड, बंगाल आदि के लोग कम्पनी में काम कर रहे हैं लेकिन उनको नौ महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनको खाने सहित कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें जनपद कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, बलिया, गाजीपुर, सिद्धार्थनगर आदि जनपदों के लोग शामिल हैं। जिनमें तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के नूर आलम पिता नसरुद्दीन 50 ग्राम बसडीला बुजुर्ग, थाना तरया सुजान के हैं। इन्होंने वाट्सएप काल पर बताया कि वह ढाई वर्ष से यहां हैं। पैसा मांगने पर चार महीने से कह कर नही दे रहे हैं। कम्पनी का डीजीएम धमकी दे रहा है जंगल में डलवा देंगे। इससे हमलोग डरे हुए है क्योंकि परिवार के लोग बहुत परेशान हैं। फाजिलनगर के गांव अरूसवा, पोस्ट - लक्षया निवासी काली लाल गुप्ता पिता राम जस गुप्ता, तमकुहीराज के ग्राम मुरली धर टड़वा, तरया सुजान के 26 वर्षीय घुटन ठाकुर पुत्र राम वृक्ष ठाकुर व सिद्धार्थनगर यूपी के गांव - विशुन पुर, मुहाकन, थाना बांसी निवासी 32 वर्षीय कमल किशोर पुत्र बल्ली प्रसाद सहित कई वर्करों ने कम्पनी से वेतन दिलाने और वतन वापसी की मांग वाट्सएप काल, सोसल मीडिया के माध्यम से की है। कम्पनी में ये वर्कर, वेल्डर, फीटर आदि कार्य करते है।

पूर्व विधायक अजय लल्लू ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र- तमकुहीराज के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लु ने नाइजीरिया गए जनपद कुशीनगर सहित उत्तर प्रदेश व अन्य प्रांतों के वर्करों की पीड़ा व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री को 5 मई 2023 को पत्र लिखकर कम्पनी द्वारा वेतन न देने से वर्करों को आ रही दिक्कतों का जिक्र करते हुए उनके वेतन दिलाने और उन्हें वापस स्वदेश लाने की मांग की है। कहा है कि वेतन मांगने पर कम्पनी के डीजीएम जान माल की धमकी दे रहे हैं। ये लोग वापस वतन लौटना चाहते हैं। इनको भारत वापस लाने के लिए आवश्यक कार्यवाही का कष्ट करें। जो सोसल मीडिया पर है। इसी क्रम में राम मोहन नायडू किंजारपु लोकसभा सदस्य ने भी विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर इनके वतन वापसी की मांग की है।

## संपादकीय

# चुनाव में उपहार

प्रचार समाप्त होने के साथ आई यह खबर फिर निराश करती है कि निर्वाचन आयोग ने इस दौरान कुल तीन सौ पचहत्तर करोड़ रुपए की नगदी जब्त की है। दूसरी ओर, प्रवर्तन निदेशालय ने राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद दो सौ अठासी करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की। यह स्थिति तब है जब पिछले कुछ चुनावों से प्रलोभन से मुक्त चुनावों पर काफी जोर दिया जाता और इसे सभी पार्टियों का समर्थन मिलता रहा है। मगर हकीकत यह है कि जिस पार्टी के पास जितनी आर्थिक सामर्थ्य है, वह उसके मुताबिक मतदाताओं को लुभाने के लिए अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आयोग की ओर से वहां चुनावी खर्च की निगरानी के लिए लगातार कोशिशें की गईं, लेकिन खुद आयोग की कार्रवाई में जो तस्वीर उभरी है, उससे पता चलता है कि चुनावी शुचिता की बातों का उन राजनीतिक दलों के लिए कितना महत्त्व होता है, जो इससे संबंधित मांग करती या फिर सवाल उठाती हैं। गौरतलब है कि चुनावी खर्च से लेकर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पैसे खर्च करने पर लगाम लगाने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की बात होती रही है। कर्नाटक में इस चुनाव के मद्देनजर कड़ी और व्यापक निगरानी, पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय के बीच हर स्तर पर जांच की व्यवस्था की गई। मगर इस दौरान जिस पैमाने पर नगदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और करोड़ों रुपए की अन्य उपहार की चीजें बरामद की गईं, वह अलग तस्वीर उजागर करती हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2018 में राज्य में हुए विधानसभा चुनावों के मुकाबले इस बार की बरामदगी में साढ़े चार गुना की बढ़ोतरी हुई है। सवाल है कि चुनावों में इस प्रवृत्ति पर लंबे समय से रोकथाम की कोशिशों और सख्ती के बावजूद तस्वीर पहले के मुकाबले और बिगड़ती ही क्यों जा रही है। आखिर क्या वजह है कि चुनाव आयोग अपने नियमन को व्यवहार में लागू करने में नाकाम हो रहा है और दूसरी ओर राजनीतिक पार्टियां दिखाने को तो ईमानदारी और नैतिकता का बखान करती हैं, लेकिन चुनावों के दौरान अवांछित तरीके से मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई भी हथकंडा अपनाने से उन्हें गुरेज नहीं होता। हाल के वर्षों में सभी दलों ने चुनावों में मुफ्त सेवाएं, सुविधाएं और उपहार मुहैया कराने के वादों और बेलगाम खर्चों को लेकर तीखे सवाल उठाए हैं। इस तरह मतदाताओं को लालच देकर आकर्षित करने और उनका वोट हासिल करने की प्रवृत्ति का समर्थन कोई भी पार्टी नहीं करती। लेकिन अफसोस कि शायद ही कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव प्रचार में अपनी ओर से की गई ऐसी बातों को याद रखती है। सवाल है कि कर्नाटक में अगर पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार अवैध लेनदेन के लिए पैसे, मादक पदार्थ और अन्य उपहार की वस्तुओं की बरामदगी में साढ़े चार गुना की बढ़ोतरी हुई है, तो इसकी जवाबदेही किस-किस पर जाती है? यह क्यों बढ़ती ही जा रही है? इस मसले पर सवाल उठाने और खुद को पाक-साफ बताने वाली पार्टियों को क्या अपनी ऐसी गतिविधियों पर कभी शर्मिंदगी होती है? आखिर ऐसा क्यों है कि निर्वाचन आयोग और संबंधित महकमे चुनावों में इस तरह की अवांछित, अनैतिक और गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे? अगर यह स्थिति बनी हुई है तो चुनाव होने के बावजूद लोकतंत्र के लिए वास्तव में कितनी जगह बचेगी?

## बजी नई झंकार!



गिरफ़्तारी हो गई ।  
कर दिया लाचार ।।  
आज पड़ोसी देश में ।  
बजी नई झंकार ।।  
रह रह कर अक्सर ।  
ऐसा होता आया ।।  
सोच कर के ज्यादा क्यों ।  
करना वक्त जाया ।।  
जिसने जो है चुना ।  
मिल रहा वो फल ।।  
बच्चा बच्चा जानता ।  
क्या उसका है कल ।।  
कर देंगे अयोग्य ।  
हो जाएंगे दूर ।।  
चाल है कुछ ऐसी ।  
हर पल अब मजबूर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अर्थव्यवस्था का इंद्रधनुषी वितान

बेशक अभी सूचकांक महंगाई नियंत्रण दिखा रहे हैं और पूंजी मंडियां भी बढ़त की ओर हैं, लेकिन लगता है कि जिस प्रकार थोक कीमतों के गिरने का अनुसरण परचून कीमतें नहीं कर रहीं और कमी का मनोविज्ञान पैदा करके चोरबाजारी का आलम आज भी खाद्य मंडियों से लेकर दवा मंडियों तक और जरूरी कच्चे माल की मंडियों में नजर आता है, वह यही बताता है कि कभी भी महंगाई नियंत्रण का यह दिवास्वप्न बिखर सकता है। पिछले कुछ समय से भारत की अर्थव्यवस्था के संवरने को लेकर आशावादी बयान आने लगे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की मौद्रिक नीति, जिसका रुख निवेश प्रोत्साहन के स्थान पर महंगाई नियंत्रण की ओर मोड़ दिया गया है, पूरी तरह से सफल रही है। सात बार रेपो दरों में परिवर्तन किया गया और इससे मौद्रिक नीति उदार के बजाय बहुत कठिन बन गई।

इसी के चलते ऋण साख की लागत बढ़ने लगी और उसके साथ-साथ चलने के लिए बैंकों को भी अपनी बंधी जमा दर की ब्याज दरों में भी परिवर्तन करने पड़े। अब जबकि विश्व में फेडरल बैंक की नीतियां भी इसी का अनुसरण करती नजर आ रही हैं, तो कहा जा रहा है कि भारत अपनी मौद्रिक नीति से इतना सफल रहा कि उसने खाद्य मंहगाई पर नियंत्रण कर लिया। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जहां विदेशी निवेश अगर भारत की मंडियों से भगोड़ा हुआ तो देश के घरेलू निवेश ने इन मंडियों को सहारा दिया और हमारी विकास दर दुनिया में लगभग तीव्रतम गति से बढ़ने लगी। ऐसी खबरें भी आई हैं कि चाहे आगामी वित्तवर्ष दुनिया में महामंदी का वर्ष होगा, भारत अपनी प्रौढ़ आर्थिक नीतियों के कारण इस मंदी के कुप्रभावों से बच निकलेगा। इस समय भारत ने तरक्की करके दुनिया में सबसे ताकतवर पांचवीं आर्थिक शक्ति का स्थान ग्रहण कर लिया है। जल्दी ही वह आर्थिक शक्तियों की श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल कर लेगा।

इसके अलावा नेताओं द्वारा बार-बार बेरोजगारों को रोजगार देने और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की घोषणाएं तो होती ही रहती हैं और लगता है कि बहुत जल्दी भारत एक ऐसा पाक-साफ देश बन जाएगा, जहां इस युवा देश के काम मांगते नौजवानों को उचित रोजगार मिल जाएगा। देश से नौकरशाही, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार का इस प्रकार खात्मा हो जाएगा कि भारत दुनिया के महाभ्रष्टाचारी देशों के सूचकांक से निकल कर ईमानदारी की ओर बढ़ता नजर आएगा। इन इंद्रधनुषी घोषणाओं के साथ-साथ वर्ल्ड आफ स्टेटिस्टिक के नए आंकड़े भी आ गए हैं, जो बता रहे हैं कि भारत दुनिया के उन तीन शीर्ष देशों में शामिल है, जिनकी 2000 से 2022 के बीच विकास दर सर्वाधिक रही है। मगर इन सर्वाधिक विकास दर वाले देशों में चीन सबसे आगे और रूस उसके बाद बताया जा रहा है। जहां तक महंगाई का संबंध है, मार्च में भारत ने महंगाई की 4.79 प्रतिशत दर दिखाई, जबकि विकसित देशों में यह दर 24 प्रतिशत तक पहुंच गई। सरकार की मौद्रिक नीति के अलावा गेहूं, चावल और चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर और रूस से सस्ती कीमत पर कच्चे तेल का आयात करके महंगाई पर काबू पाया। जब रूस-यूक्रेन युद्ध की वैश्विक अनिश्चितता में सारे आपूर्ति प्रबंध गड़बड़ा गए थे, भारत का यह प्रगतिशील चेहरा बहुत आश्वस्त करता है।



बीस साल में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 440 फीसद रही है, लेकिन यह न भूलें कि चीन की दर 1266 फीसद और रूस की आर्थिक वृद्धि दर 466 फीसद थी, बेशक वह यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा रहा। वैसे सरकारी आर्थिक प्रकोष्ठ तो यही कहते हैं कि भारत ने महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के मामले में शानदार काम किया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। जब भारत का संविधान बना था, तो उसमें देश में प्रजातांत्रिक समाजवाद लाने की घोषणा की गई थी। गरीब और अमीर के बीच भेद मिटाने की बात कही गई थी, लेकिन आज भारत में दो देश बसते हैं। मुट्ठी भर धनकुबेरों का देश और उनके साथ जीता है पिसता हुआ मध्यवर्ग, निम्न मध्यवर्ग और कामगार लोग। देश के सत्तर करोड़ लोगों से ज्यादा पैसे केवल इक्कीस अरबपतियों के पास हैं। चाहे जीएसटी संग्रह को सरकारी उपलब्धि माना जाता है, लेकिन इसमें भी आधे से ज्यादा जीएसटी आम आदमी भर रहा है। धनी लोग जीएसटी से लेकर आयकर तक में अपना वह हिस्सा अदा नहीं कर रहे, जो कि उन्हें करना चाहिए। अमीरों की तुलना में गरीब और मध्यवर्गीय लोग ज्यादा कर दे रहे हैं। जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा 50 प्रतिशत आबादी से जमा हुआ है।

लेकिन सबसे अमीर दस फीसद लोगों से जीएसटी का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा बाहर आया है। इसलिए देश की सही तरक्की का चित्र इंद्रधनुषी तभी बनेगा, जबकि करों की यह बोझ विभिन्नता कम होगी। जो जितना दे सकता है, उतना ही कर अदा करेगा। यह असमानता कब दूर होगी? जब हम यह कहना कब बंद करेंगे कि पांच फीसद अमीर भारतीयों के पास देश की संपत्ति का 60 फीसद हिस्सा है और नीचे के 50 फीसद लोगों के पास देश की संपत्ति का केवल तीन फीसद हिस्सा है। इसके लिए निश्चय ही कुछ ऐसे कदम उठाने पड़ेंगे, जिनमें धनी लोगों को भी अपनी कमाई के मुताबिक कर देना पड़े। इसके अलावा यह भी देखने का समय आ गया है कि देश की अर्थव्यवस्था में नीतिगत परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं। पिछले दिनों में उदारवाद के नाम पर देश में निजी क्षेत्र को बहुत बढ़ावा दिया गया। यह मानते हुए कि वह देश की विकास दर को तीव्र कर देता है। मगर उसके साथ ही स्वचालित मशीनों की भरमार, डिजिटल और इंटरनेट के बढ़ावे के साथ कृत्रिम मेधा का प्रसार, कुछ ऐसी असलियतें भी आईं, जिनके कारण देश की युवा पीढ़ी बहुत बड़े पैमाने पर बेकार हो गई। सरकार ने इस समस्या का हल रियायतों और अनुकंपा की उदारवादी नीति के साथ किया। उदारता की यह पराकाष्ठा थी कि दावा किया जाने लगा कि दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं, जो अपनी अस्सी करोड़ जनता को रियायती अनाज दे रहा हो।

मगर लगता है कि कहीं यहीं पर व्यवस्था में त्रुटि पैदा हो गई है। युवा पीढ़ी अनुकंपावादी हो गई। रोजगार दफ्तरों की जगह रियायती रेवड़ियों वाले केंद्रों के बाहर उनकी कतारें लगने लगीं और चुनावी घोषणापत्रों में नई कार्यनीति की घोषणा के स्थान पर बढ़चढ़ कर अनुकंपा, राहत और रियायत की घोषणा होने लगी। जिस देश में कर्मशीलता के स्थान पर इस तरह की मुफ्तखोरी को सदाशयता कह कर जनकल्याण की ओर बढ़ा जाए, वह युवा पीढ़ी को असमय ही निठल्ला करते हुए बूढ़ा बना देती है। चाहे सरकारी तौर पर यह कहा गया कि उनके लिए स्टार्टअप उद्योगों का रास्ता खुला है। लघु और कुटीर उद्योगों में वे स्वयं निवेश करते हुए नौकरी मांगने वाले के स्थान पर नौकरी देने वाले बन सकते हैं। मगर उधर मौद्रिक नीति में परिवर्तन करके कर्ज महंगे कर दिए। इस स्थिति में युवा पीढ़ी स्वयंमेव की ओर कैसे जाए। बेशक अभी सूचकांक महंगाई नियंत्रण दिखा रहे हैं और पूंजी मंडियां भी बढ़त की ओर हैं, लेकिन लगता है कि जिस प्रकार थोक कीमतों के गिरने का अनुसरण परचून कीमतें नहीं कर रहीं और कमी का मनोविज्ञान पैदा करके चोरबाजारी का आलम आज भी खाद्य मंडियों से लेकर दवा मंडियों तक और जरूरी कच्चे माल की मंडियों में नजर आता है, वह यही बताता है कि कभी भी महंगाई नियंत्रण का यह दिवास्वप्न बिखर सकता है।

# परियोजनाओं में देरी होने का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है



परियोजनाओं का समय पर पूरा नहीं होना केवल और केवल दो संस्थाओं यानी कि सरकार की एजेंसी व कार्य करने वाली संस्था के बीच का नहीं होता बल्कि इसका सीधा-सीधा असर आम जन पर पड़ता है। परियोजनाओं में देरी होने से लागत बढ़ती है और इस लागत की वसूली आम आदमी की मेहनत को प्रभावित करती है। अधिक देरी होगी तो अधिक लागत बढ़ेगी और फिर उसका ना तो समय पर लाभ मिलना शुरू होगा और ना ही अनुमानित लागत रह पायेगी। देखा जाए तो यह अपने आप में कितनी गंभीर बात हो जाती है कि देश में संचालित बड़ी परियोजनाओं में से 129 परियोजनाएं पांच साल से भी अधिक देरी से चल रही हैं। स्वाभाविक है कि परियोजनाओं में देरी होगी तो उनकी लागत में बढ़ोतरी तो होगी ही। ऐसे में सवाल उठता है कि जब परियोजनाएं तैयार होती हैं और उन्हें मूर्त रूप देने के लिए काम शुरू होता है तो उसी समय यानी कि परियोजना की शुरूआत के समय ही आवश्यक सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं तो उनके क्रियान्वयन में देरी की संभावना ना के बराबर रहे। इससे यह भी साफ हो जाता है कि परियोजना के क्रियान्वयन के शुरूआती दौर में जो भी आवश्यक पूर्तियां की जानी होती हैं उन्हें अनावश्यक रूप से भविष्य के लिए छोड़ दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वे औपचारिकताएं समय आने पर पूरी कर ली जाएंगी। पर होता इसके विपरीत है और फिर जहां एक और परियोजनाओं का कार्य प्रभावित होता है वहीं लागत भी बढ़ जाती है।

दरअसल देश में संचालित बड़ी परियोजनाएं खासतौर से 150 करोड़ या इससे अधिक लागत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा की जाती है। मंत्रालय की रिपोर्ट की मानें तो देश में इस समय संचालित आधारभूत संरचना से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं में 1449 परियोजनाओं की रिपोर्ट के अनुसार 821 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसका मतलब यह है कि देश में आधी से अधिक परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। हालांकि मंत्रालय के अनुसार इनमें से 354 परियोजनाओं की लागत में बढ़ोतरी हो गई है। यदि दो साल से अधिक की देरी से चल रही परियोजनाओं की ही बात करें तो इस तरह की 325 परियोजनाएं हो जाती हैं। यदि सभी 821 परियोजनाओं की औसत देरी निकाली जाए तो औसत 37 माह से कुछ अधिक बैठता है। वहीं केवल 354 परियोजनाओं की देरी से ही लागत में 4 लाख 55 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। इतनी बड़ी राशि से निश्चित रूप से अन्य बड़ी परियोजनाओं का संचालन किया जा सकता है।

दरअसल देखा जाए तो परियोजनाओं में देरी का प्रमुख कारण आवश्यक औपचारिकताओं का समय पर पूरा नहीं होना होता है। कोई ना कोई स्वीकृति या अनुमति अटक जाती है और उससे परियोजना का काम प्रभावित होने लगता है। मोटे रूप से देखा जाए तो परियोजनाओं की क्रियान्विति के लिए जरूरी स्वीकृतियां व अन्य कार्य समय पर पूरे किए जाने जरूरी हो जाते हैं। मजे की बात तो यह है कि सरकार के एक विभाग से दूसरे विभाग की स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण ही काम रुक जाता है। इसमें भूमि का अधिग्रहण समय पर नहीं होना, भूमिधारक को समय पर मुआवजा नहीं मिलना, मुआवजे को लेकर न्यायिक प्रकरण हो जाना आदि कानूनी समस्याओं के साथ ही पर्यावरण स्वीकृति, परियोजना में आंशिक या भारी बदलाव, टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने में अनावश्यक देरी, परियोजना के उपयोग के लिए आवश्यक उपकरणों या संसाधनों के आने में देरी, कई बार स्थानीय प्रशासन या नागरिकों के साथ विवाद, श्रम संसाधन की कमी या समय पर उपलब्धता का अभाव या आवश्यक संसाधन की समय पर अनुपलब्धता के कारण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है। अब देखा जाए तो इनमें से अधिकांश कारण ऐसे हैं जिन्हें परियोजना की स्वीकृति के साथ ही पूरा किया जा सकता है। चाहे वह भू उपयोग के परिवर्तन, अधिग्रहण, मुआवजा वितरण आदि का हो या टेंडर की आवश्यक औपचारिकता का हो। इसके साथ ही परियोजना के लिए आवश्यक संसाधन, उपकरण, श्रम शक्ति का आकलन भी पहले से हो सकता है। ऐसे में यदि आवश्यक होमवर्क परियोजना आरंभ होने से पूर्व ही कर लिया जाए तो परियोजना में देरी की संभावना को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सकता है।

यह साफ हो जाना चाहिए कि परियोजनाओं में देरी का खामियाजा केवल और केवल परियोजना को ही नहीं भुगतना पड़ता बल्कि समूची व्यवस्था प्रभावित होती है। लागत में बढ़ोतरी होती है वह अलग। ऐसे में पहले ही रोडमैप बनाकर परियोजना का संचालन किया जाता है तो अधिक देरी की संभावना तो शून्य स्तर पर आएगी ही बल्कि समय पर या समय से पहले परियोजना के पूरे होने से लागत में कमी आने की संभवना से भी नहीं नकारा जा सकता है। इसके साथ ही परियोजना समय से पूरी होने से वह अपने उद्देश्य में तो पूरी होती ही है अपितु इसका लाभ मिलना आरंभ हो जाता है। इसके साथ ही नई परियोजनाओं की राह खुलती है। ऐसे में प्रयास यह होने चाहिए कि परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों ताकि जन-धन दोनों की ही बचत हो और राष्ट्रीय धन, समय और श्रम का सदुपयोग हो सके।

# राजस्थान में भाजपा को जिस तरह सीपी जोशी नई ऊर्जा दे रहे हैं उससे कांग्रेस का भयभीत होना स्वाभाविक है

सीपी जोशी ने रफ्तार पकड़ ली है। अध्यक्षीय आह्वान मिलते ही चुनावी मुद्राएं अर्जित कर ली हैं। दिन भर की थकान और रातों की नींद भूल गए हैं। बीजेपी की ऐतिहासिक जीत का जज्बा जुटाकर लगातार दौरों पर हैं। नेताओं को नेतृत्व क्षमता संवार रहे हैं और कार्यकताओं की कमर कस रहे हैं। महज सवा महीने में ही जोशी की राजनीतिक कोशिशों ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री के पहरुए के रूप में ग्राउंड जीरो पर अपनी मुश्कें कसकर कैसे डटकर काम करना होता है। चुनाव सर पर हैं और राजस्थान में बीजेपी के अध्यक्ष के तौर पर भले ही सीपी जोशी नए हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक अदाएं अपने से पहले वाले अध्यक्षों के मुकाबले उन्हें ज्यादा अनुभवी और तेजतर्रार दिखा कर रही हैं।

जोशी जानते हैं कि चुनौती बड़ी है, तो बाधाएं भी बड़ी आएंगी। कई तरह की पहेलियां पैदा होंगी, और मुश्किलें भी मुकाम पर पहुंचने में मारक साबित होंगी। लेकिन हर हाल में चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से भी आगे की फतह हासिल करनी है। इसीलिए, जोशी पूरी तरह से सज्ज हैं, और अपने हरावल दस्ते को संवारकर मैदान में उतर चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी से शक्ति संचार पाते ही जोशी के भाषण दमदार लगने लगे हैं, प्रदेश से लेकर जिलों तक की राजनीतिक गांठों को खंगालने व खोलने का काम शुरू हो गया है और दौरे लगातार जारी है। सवा महीने में सवा लाख से भी ज्यादा लोगों से व्यक्तिगत तौर पर चुनाव में सक्रियता के साथ जुड़कर कमल खिलाने का वादा ले चुके हैं और ऐतिहासिक जीत का झंडा गाड़ने का वचन भी। संदेश साफ है कि जोशी केंद्रीय नेतृत्व के प्रतिनिधि हैं और उनके हर कदम से कदम मिलाकर चलने में ही सबकी भलाई है। लगभग सभी मान रहे हैं और जान भी रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोशी में कुछ तो जरूर देखा, इसीलिए अपने प्रतिनिधि के तौर पर राजस्थान में बीजेपी की कमान उन्हें सौंपी। लोग नहीं जानते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें किस भरोसे से अध्यक्ष बनाया। यह भी कोई नहीं जानता कि अमित शाह ने उन्हें कितनी सीटें जिताने का लक्ष्य सौंपा है, और इस बात की भी किसी को कोई खबर नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनको कितना क्षमता संपन्न करके भेजा है। लेकिन केंद्र के आशीर्वाद के साथ जीत का जलवा दिखाने में जुट गए जोशी की चुनावी मुद्राओं से लग रहा है कि वे अपने लक्ष्य को समर्पित हैं और अपने राजनीतिक आकाओं के विश्वास पर न केवल



खरे उतरेंगे, बल्कि उस विश्वास को और अगले शिखर पर भी ले जाएंगे।

कुछ दिन पहले तक समूचे राजस्थान के लिए सीपी जोशी की राजनीतिक अहमियत महज चित्तौड़गढ़ के सांसद के तौर पर थी। लेकिन बीजेपी के कई बड़े नेता भी मोदी की इस पसंद को राजस्थान की राजनीति के छुपे रुस्तम के रूप में देखने लगे हैं। दरअसल, राजस्थान में बीजेपी की राजनीति में सीपी जोशी पहले राजनेता हैं, जो सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से अध्यक्ष पद पर काम करने आए हैं। जोशी से पहले चाहे भैरोंसिंह शेखावत हो या वसुंधरा राजे और या फिर ओम प्रकाश माथुर या अरुण चतुर्वेदी और सतीश पूनिया या फिर कोई और, सारे के सारे राजस्थान में अपनी राजनीति के बूते पर अध्यक्ष के पद पर पहुंचे। लेकिन सीपी जोशी पहले अध्यक्ष हैं, जो केंद्रीय नेतृत्व के प्रतिनिधि के रूप में दिल्ली से राजस्थान पहुंचे हैं। अपने संसदीय क्षेत्र से बाहर की राजनीति के पचड़े में वे कभी पड़े नहीं। इसी कारण नियुक्ति हुई, तो जोशी की अध्यक्षीय क्षमता पर किसी को शंका, किसी को आशंका तो किसी को कुशंका भी रही। लेकिन केवल महीने भर में ही अपनी क्षमताओं के आकाश को विस्तार देकर जोशी ने चुनावी कौशल, रणनीतिक सूझबूझ और राजनीतिक पराक्रम की पटकथा में कुछ नए पन्ने जोड़ने शुरू कर दिए हैं।

जोशी जान रहे हैं कि अब वे सिर्फ चित्तौड़गढ़ के सरल स्वभावी सांसद नहीं, बल्कि प्रदेश की सत्ता में धमक के साथ आ रहे संसार के सबसे बड़े राजनीतिक दल के मुखिया हैं। वे यह भी जानते हैं कि अलग अलग किस्म के अनेक सामाजिक समीकरणों को सुलझाने के लिए कुछ खास तेवर, कोई नई-सी ताकत और विशिष्ट किस्म की आक्रामकता भी चाहिए। इसीलिए केवल सवा महीने में ही जोशी कईयों को बदले बदले से नजर आने लगे हैं। उनकी कार्यशैली में वे मजबूत राजनीतिक मुद्राएं झलकने लगी हैं, और उनकी उपस्थिति में अध्यक्षीय आचरण का आभामंडल भी साफ दिखाई दे रहा है। जोशी जानते हैं कि केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास से सज्ज अध्यक्ष के रूप में किसको कितना महत्व देना है, किससे निभाना है, और किससे निबटना है। बीजेपी की अंदरूनी राजनीतिक चुनौतियों का उनको आभास है और प्रदेश के भौगोलिक और जातिगत समीकरणों की उलझनों की भी समझ उनमें साफ दिख रही है। इन सबसे पार पाने की ताकत जोशी ने मोदी, शाह और नड्डा से अर्जित कर ही ली है। इसीलिए, अध्यक्षीय धमक और राजनीतिक चमक के साथ प्रदेश को नापने और हालात को भांपने के साथ ही जोशी ने बीजेपी को ऐतिहासिक जीत दिलाने की कमर कस ली है। कमर तो खैर, उधर सरकार में बैठी कांग्रेस भी गुलाबी अंदाज में कस रही हैं, लेकिन जोशी के जज्बे में जीत का जो जलवा झलक रहा है, वह अगर किसी को साफ नहीं दिख रहा, तो वे अपनी नेत्र चिकित्सा कराने को स्वतंत्र हैं!

## मतगणना की तैयारी पूरी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जौनपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की मतगणना को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस



अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने बुधवार को टी.डी. इंटर कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी, बैरिकेडिंग सहित मतगणना के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की 12 निकायों की मतगणना 13 मई को सुबह 8 बजे 105 टेबल पर होगी जिसमें तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज में जौनपुर नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत कचगांव, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर व नगर पंचायत जफराबाद निकाय की गणना और अन्य निकायों की गणना उनके तहसील क्षेत्रों में होगी। जिसमें नगर पालिका परिषद शाहगंज एवं नगर पंचायत खेतासराय की मतगणना कृषि उत्पादन मण्डी समिति शाहगंज, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर एवं नगर पंचायत मछलीशहर की मतगणना बिहारी महिला महाविद्यालय मछलीशहर परिसर जौनपुर में होगी, नगर पंचायत मड़ियाहूँ एवं नगर पंचायत रामपुर की मतगणना स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज मड़ियाहूँ, नगर पंचायत केराकत की मतगणना पब्लिक इण्टर कालेज मनियरा केराकत एवं नगर पंचायत बदलापुर की मतगणना सल्तनत बहादुर पी0जी0 कालेज बदलापुर में होगी। समस्त लगे कार्मिकों का रेंडमाइजेशन हो चुका है और उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त विरेन्द्र यादव को चोलापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर दानगंज वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/ अपराधियों की रोकथाम व वांछित / फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण मे, सहायक पुलिस



आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-194/2023 धारा 307 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विरेन्द्र यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी ग्राम लश्करपुर थाना चोलापुर वाराणसी को घटना में प्रयुक्त 01 अदद नाजायज पिस्टल 7.65 एमएम बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस के साथ आज दिनांक- 10.05.2023 को समय करीब 13.05 बजे दानगंज तथा जौनपुर बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्त विरेन्द्र यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर अपने दोस्त सोनू के ऊपर पिस्टल से फायरिंग कर दिया था और यह वही पिस्टल है जिससे मैने उस दिन सोनू राजभर पर फायरिंग किया था। मै पकड़े जाने के डर से आज यहाँ से भागने की फिराक में था लेकिन आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी,उ0नि0 रमेश कुमार,उ0नि0 पंकज कुमार सिंह चौकी प्रभारी मुर्दहा,उ0नि0 विकाश पाण्डेय,का0 दिनेश कुमार,का0 हिमांशु सिंह,का0 सत्यप्रकाश यादव,का0 आदित्य कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी शामिल रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, खड़े ट्रक में जा घुसी टाटा सफारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वाराणसी गाजीपुर हाईवे पर सहेड़ी बाईपास के पास सड़क हादसे के तहत टाटा सफारी कार खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में अधिवक्ता और उनके परिवार के दो सदस्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि कार में सवार एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात सत्येंद्र पांडे अपनी पत्नी रीता पांडे पुत्र विशाल पांडे तथा चंदन कुमार सिंह के साथ टाटा सफारी से वाराणसी से गाजीपुर शहर स्थित मारकंडे धाम कॉलोनी गौसाबाद लौट रहे थे। तभी सहेड़ी बाईपास के पास गाय को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े ट्रक में टाटा सफारी कार जा घुसी। हादसे में सुलेमापुर पृथ्वीपुर मरदह के मूल निवासी चंदन की सदर अस्पताल में चिकित्सा के दौरान मौत हो गई।जबकि गंभीर रूप से जख्मी महिला सहित तीन अन्य लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मृतक का एक बेटा निखिल उम्र 7 और एक पुत्री सिया उम्र 3 साल है। मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार से सभी घायलों को निकालकर इलाज के लिए भेजा।



## सेनापुर प्राथमिक विद्यालय में चोरियां थमने का नहीं ले रही नाम

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय कोतवाली के सरकी चौकी अंतर्गत सेनापुर गांव में स्थिति प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरों ने लगातार 6 वी बार चोरी की घटना को दिया अंजाम सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। गौरतलब है कि सेनापुर प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरों में विद्यालय के कमरे का ताला तोड़ कर कमरे में रखा गैस चूल्हा, तावा, भगोना, चावल, आटा, तेल, आलु, मशाला समेत बच्चों के किट लेकर चंपत हो गए सुबह जब विद्यालय खुला तो विद्यालय के कमरों का ताला टूटा देख पैरो तले से जमीन खिसक गई। घटना की सूचना पुलिस को



दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई वही प्रधानाध्यापक आशा सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में ये 6वी चोरी है चोर लगातार विद्यालय में चोरी कर विद्यालय को क्षति पहुंचा रहे है विद्यालय परिवार चोरी घटना से आहत में है आखिर कौन लोग है जो बार बार विद्यालय को निशाना बनाते है उन्होंने कहा कि पुलिस को लिखित तहरीर दे दी गई है। बता दे कि लागतार हो रही चोरियो ने ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हैं ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान से लेकर विद्यालय में चोरी होती रहती है पुलिस मौके पर आकर जांच पड़ताल कर वापस लौट जाती है फिर दोबारा नही आती हैं अब तक कई चोरियो को चोर अंजाम दे चुके है पर अभी तक एक भी चोरी का खुलासा करने में पुलिस पूरी तरह से असफल रही है।

## बिना मान्यता वाले तीन स्कूलों को कराया गया बंद

### दूसरे विद्यालयों से अटैचमेंट करा कर हो रहा था खेल

जौनपुर। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देश पर बिना मान्यता के संचालित होने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। निर्देश के अनुपालन में शाहगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल और नोडल संकुल भादी अशोक कुमार मौर्य ने बुधवार को अभियान चलाया। इस दौरान शाहगंज नगर में संचालित होने वाले आधा दर्जन विद्यालयों की मान्यता देखी गई। जिसमें लिटिल फ्लावर एलिमेंट्री स्कूल नई आबादी शाहगंज, तेजस चिल्ड्रन अकादमी खुटहन रोड, सेंटपब्लिक स्कूल जोहनेस कौड़िया शाहगंज बिना मान्यता के संचालित होते पाया गया। विद्यालय में मानक के अनुरूप बच्चों के बैठने की व्यवस्था भी नहीं मिली। जिसके बाद तीनों विद्यालयों को बंद करा दिया गया। यहां



नामांकित बच्चों का दाखिला नजदीक के परिषदीय विद्यालयों में कराया जाएगा। विद्यालय संचालक को सख्त हिदायत दी गई कि दोबारा विद्यालय चलते मिला तो नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराई जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल की इस कार्यवाही से बिना मान्यता के संचालित होने वाले स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा है। इस संबंध में शाहगंज ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल ने बताया कि इन तीनों विद्यालयों को दूसरे विद्यालय से अटैच किया गया था।

## ऐपवा जिला कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन (ऐपवा) जिला कमेटी की बैठक आज तुलसी सागर लंका जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए ऐपवा राज्य सचिव कामरेड कुसुम वर्मा ने कहा कि देश बहुत ही संकट के दौर से गुजर रहा है। संविधान व लोकतंत्र खतरे में है और देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा की बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा धोखा साबित हुई है। देश का नाम रोशन करने और गोल्ड मेडल जीत कर ले आने वाली बेटीयां यौन शोषण के खिलाफ आज दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रही हैं। देश के लिए यह दुखद है कि महिला यौन शोषण की घटना पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश और हस्तक्षेप करने और बड़े आन्दोलन के बाद मुकदमा दर्ज हो रहा है। देश में ऐसी हजारों घटनाएं होती हैं जो यहां तक पहुंच नहीं पाती है, तो उनको न्याय नहीं मिल पाती है। दिल्ली में पहलवान बेटीयां जिसकी गिरफ्तारी की मांग कर रही है, वह भाजपा से सांसद हैं। जिसके सामने पुरी कानून बेवस्था घुटने टेक दिया है। इस बैठक से हम दिल्ली में पहलवान बेटीयों के आन्दोलन का समर्थन करती हू और यौन शोषण करने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तत्काल नहीं हुई तो उत्तर प्रदेश के हर जिले में आन्दोलन तेज किया जाएगा।




इस दौरान वर्मा जी ने कहा कि हमारी महिला समाज को हर जगह कठीनाईयों का सामना करना पड़ता है। उनके बीच में रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। काम पर पुरूषों के अपेक्षा महिलाओं को बहुत कम मजदूरी मिलती है। आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को आज भी राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। फाइनेंस कंपनीयां कर्ज की बोझ लाद कर शोषण कर रही है। समाज में महिलाएं शिक्षा से अपेक्षित है। महंगाई की बोझ सबसे ज्यादा महिलाएं झेल रही है। आज की बैठक में तय हुआ कि जिले में अभिनय चला कर महिलाओं की सवालों को संगठित कर आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को राज्य कर्मचारी का दर्जा व सम्मानजनक वेतन देने, मनरेगा में दो सौ0 दिन काम और 600 रूप्या मजदूरी, फाइनेंस कंपनियों के कर्ज.से मुक्ति, महिलाओं की यौन और श्रम शोषण के खिलाफ जिला सम्मेलन आयोजित होगा। आज की बैठक में प्रमुख रूप से ऐपवा राज्य सचिव कामरेड कुसुम वर्मा, वीभा वाही, मंजू गोंड, चन्द्रावती देवी, हंसा देवी, नेतिया देवी, रीता देवी, केवला देवी, केवला देवी, निर्मला देवी, मीरा देवी, सुलेगनी देवी, सोनी देवी, ममता, हिरावती देवी, शान्ति देवी, गुलबासी, आदि ने सम्बोधित किया।

## पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नगरा, बलिया। अपराध व अपराधियों पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में नगरा पुलिस ने मंगलवार को दो साल पूर्व हत्या के आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष नगरा बृजेश सिंह मय हमराह क्षेत्र में गश्त पर निकले थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या का आरोपित जितेंद्र चौहान निवासी सरजापुर थाना नगरा ताड़ीबड़ा गांव स्थित मस्जिद के पास मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर जितेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले आई और आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत न्यायालय चालान कर दिया। उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस ने हाल ही में न्यायालय के निर्देश पर धारा 82 की कार्यवाही की थी। जितेंद्र चौहान गॉव के ही युवक की दो साल पूर्व भीमपुरा थाना क्षेत्र के कसौन्डर गांव में भूपेंद्र चौहान की मिले नरकंकाल हत्या में आरोपी था ,जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस परेशान थी।

## नगर निकाय चुनाव-2023 के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की अंतिम बैठक संपन्न

बलिया। जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में ली। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में आप लोगों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह चुनाव छोटी यूनिट का चुनाव है। चुनाव पार्टियों के सिंबल पर हो रहा है अतः इसमें आपकी सक्रियता बढ़ जाती है। सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के लिए को गाड़ियों की व्यवस्था है। अपने बूथों पर कड़ी निगरानी रखें। अगर कोई समस्या है तो अपने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट से मिलकर उसे दूर कराएं। प्रातः अपने-अपने प्रस्थान स्थानों पर पहुंच जाएं। पीठासीन अधिकारी अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क में रहें। जोनल



मजिस्ट्रेट अपने निर्वाचन अधिकारियों को रिपोर्ट देते रहे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथ पर सामग्री को सुनिश्चित करान ले। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने तहसील मुख्यालय पर रिपोर्ट देंगे कि सभी जगह सभी पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मतदाता सूची के बारे में बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है जिसका भी नाम मतदाता सूची में है वह मतदान करेगा। मतदाता सूची के अनुसार ही वोटिंग करानी है। सभी सामग्री जमा होने के उपरांत ही आप लोग अपना स्थान छोड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने भी कहा कि नगर निकाय चुनाव-2023 में 32 सेक्टर मजिस्ट्रेट पर 16 जोनल मजिस्ट्रेट लगे हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस बल भी रहेगा। शुरू के 2 घंटे और अंतिम 2 घंटे बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। सभी महत्वपूर्ण कागज अपने पास अवश्य रखें। पुलिस बल आपके साथ घूमती रहेगी। सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र के थाना प्रभारियों का नंबर अवश्य रखें। भ्रमण के दौरान यदि आपको अनावश्यक भीड़ दिखे तो उन्हें घर जाने के लिए कहें। जोनल मजिस्ट्रेट के ऊपर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट है। अपने-अपने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट का नंबर अवश्य रखें। कोई प्रत्याशी आपको डराने धमकाने का प्रयास करें तो उसकी सूचना दें। सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि यदि कोई प्रत्याशी आपको डराने धमकाने का प्रयास करेगा तो उसके साथ सख्ती से पेश आया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### होटल आर्केडिया को वाराणसी के सर्वश्रेष्ठ होटल से किया गया सम्मानित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में रोडवेज स्थित आर्केडिया होटल को होटल क्रिटिक्कस एण्ड ब्लोगर्स एसोसिएशन एण्ड वर्ल्डवाइड बेस्ट होटल के टीपीएस ग्रोवर के द्वारा आर्केडिया होटल के जीएम संदीप पालित को अवार्ड दिये जिसमें होटल के हेड आफ डिपार्टमेंट और टीम होटल के सभी टीम भी इस अवार्ड में उपस्थित रहे` टी.पी. एस. ग्रोवर ने बताया की यह अवार्ड साल में एक बार दिया जाता है जिसमें की वाराणसी में आर्केडिया होटल को दिया गया है जिसके जनरल मैनेजर संदीप पालित है संदीप पालित जनरल मैनेजर, शोभनाथ हाजरे (जनरल मैनेजर सेल्स), प्रियेश सिंह (फ्रन्ट आफिस मैनेजर) ,देवराज सेफ (चीफ सेफ) , मनीष शर्मा (हाउस कीपिंग मैनेजर), विकास गुप्ता (रेस्टोरेंट मैनेजर), शिवाजी (परचेज मैनेजर), उमापति सेफ (हेड एकाउंटेंट), विजय यादव, राकेश प्रजापति, अभिजीत, धर्मेन्द्र चौहान, राजेश प्रजापति, विकास शर्मा सहित होटल के अन्य सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### महापुरुषों के नाम पर सार्वजनिक अवकाश बन्द करके उस दीन सभी संस्थानों में महापुरुष की जीवनी पर पढ़ाई होनी चाहिये - शशिप्रताप सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महाराणा प्रताप की 483 वीं जयंती राष्ट्रीय समता पार्टी नेप कार्यालय विवेकपुरम भरलाई शिवपुर में मनाई गईं` मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महिलामंच वंदना सिंह ने इस अवसर पर विचार व व्यक्त करते हुए बताया किया रासपा नेप सभी जाति धर्मो के महापुरुषों का सम्मान एक बराबर करती है` शशिप्रताप सिंह ने कहा कि हमारे पार्टी का पहला धर्म सभी महापुरषों का जन्मदिन और पुण्यतिथि मनाना है भारत की सभ्यता संस्कृति को घर घर शिक्षा के माध्यम से पहुँचना है।सभी महापुरुषों की जयंती पर छुट्टी रद्द कर उस दिन सभी संस्थानों में महापुरुष के जीवनी पर पढ़ाई होनी चाहिये` राजकुमार गुप्ता, प्रकाश जायसवाल, रामप्रकाश यादव, जयनाथ यादव, नेहरू राजभर, रामबचन यादव, नानंदलाल जायसवाल, रवि सिंह पटेल, दिनेश सिंह पटेल, गुलाब राजभर, राजू पटेल, जितेंद्र पटेल, प्रेमनाथ सिंह, धर्मराज पटेल, सूरज पटेल, विजय सोनकर ज्ञानचंद्र पटेल, रंजू सिंह, सुमन सिंह, गौतीमा , सोनू लाल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

प्रखर बदलापुर जौनपुर। कोतवाली क्षेत्र के डड़वा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसी गाँव के निवासी एक मासूम की मौत के प्रकरण में चालक अभिषेक सरोज पुत्र पृथ्वीपाल सरोज निवासी संभलगंज को गिरफ्तार कर पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया मुखबिर से सूचना मिली कि बुधवार को देवरिया गांव के पास पीली नदी पर ट्रैक्टर चालक अभिषेक सरोज कहीं भागने की फिराक में रणनीति बना रहा है सूचना पर विश्वास कर मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को सुबह 10:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। गाँव निवासी देवनाथ यादव ने कोतवाली में इस बात का केस दर्ज कराया है कि उनका साडे 6 वर्षीय पुत्र शशांक अपने घर से पचास मीटर दूर स्थित पाही पर खेल रहा था इसी बीच एक ट्रैक्टर चालक बिल्डिंग मेटिरियल उतार कर तेज रफ्तार से उसी रास्ते से जा रहा था उसी दौरान खेल रहा मासूम शशांक यादव 6 वर्ष ट्रैक्टर की चपेट में आने से दब गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया घायल अवस्था में आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सकों ने देखते ही शशांक को मृत घोषित कर दिया शशांक राजा राम मेमोरियल कान्वेंट स्कूल नौपेड़वा में कक्षा 3 का छात्र था उसके पिता देवानाथ यादव भी उसी विद्यालय में अध्यापन कार्य करते हैं।

### बदलापुर सीएचसी पर ऑक्सीजन के लिए तड़प रही महिला, जनरेटर बना शोपीस




प्रखर बदलापुर जौनपुर। महराजगंज थाना क्षेत्र के सराय परशुराम गांव निवासी करीब 80 वर्षीय कमला देवी की तबियत खराब होने पर स्वजनों ने उन्हें बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर द्वारा उन्हें जिला अस्पताल ले जाने की बात कहीं गई स्वजनों का आरोप है कि मरीज का ऑक्सीजन लेवल कम होने के कारण ऑक्सीजन लगाने की मांग किया लेकिन बिजली नहीं होने के कारण ऑक्सीजन कंन्संट्रेटर नहीं चला और सीएचसी में लगा जनरेटर भी दो दिनों से जला पड़ा है। जिसको लेकर मरीज के स्वजन काफीं आक्रोशित होकर शोर-शराबा मचाते हुए इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक रमेश चन्द्र मिश्र और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से करते हुए कार्यवाही की मांग की। ऑक्सीजन कंन्संट्रेटर नहीं चलने से मरीज की हालत नाजुक देखते हुए स्वजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर चले गए।

### नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए प्रेक्षक विशाल सिंह का आगमन

बलिया। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के मतदान एवं मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा नियुक्त मा० प्रेक्षक श्री विशाल सिंह, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या का इस जनपद में आगमन हो चुका है, जिनका मोबाइल नम्बर- 9170472223 है। अतएव नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के शिकायत / सुझाव हेतु मा० प्रेक्षक महोदय के मोबाइल नम्बर- 9170472223 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व प्रत्याशी प्रातः 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे के मध्य लो०नि०वि० विश्राम गृह, बलिया में आकर मा० प्रेक्षक महोदय के समक्ष अपनी बात रख सकते हैं।



**उफ ये गर्मी...**

मंगलवार को आगरा में तपती धूप के बीच ताजमहल की यात्रा के दौरान गर्मी और धूप से बचने के लिए पर्यटक छतरी लगाकर निकले।

## विजय दिवस परेड में पुतिन का पश्चिमी देशों पर आरोप

**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर पश्चिमी देशों को निशाने पर लिया और उनपर युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मंगलवार को मॉस्को के 'रेड स्क्वायर' पर अपने देश की विजय दिवस परेड में कहा कि पश्चिम ने रूस के खिलाफ एक असली युद्ध छेड़ा है।



इससे कुछ समय पहले ही रूसी बलों ने यूक्रेन में दुश्मन के ठिकानों पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया। द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी को हराने की स्मृति में होने वाली वार्षिक परेड में पुतिन ने कहा कि आज सभ्यता एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर है। हमारी मातृभूमि के खिलाफ एक वास्तविक युद्ध छेड़ा गया है।

**14 महीने से ज्यादा समय से जारी है यूक्रेन युद्धः** रूस ने 14 महीने से पहले अपने पड़ोसी पर आक्रमण किया था और पुतिन तब से बार-बार यूक्रेन में युद्ध को पश्चिम के साथ छद्म संघर्ष के रूप में रेखांकित करते रहे हैं। क्रेमलिन के युद्ध के आधिकारिक विमर्श ने पश्चिम के साथ अस्तित्व की लड़ाई की तस्वीर पेश की है, जो मॉस्को के मुताबिक यूक्रेन का इस्तेमाल रूस को बर्बाद करने, इतिहास को फिर से लिखने तथा पारंपरिक मूल्यों को खत्म करने के लिये कर रहा है। रूसी सरकारी मीडिया में भी युद्ध का यह विमर्श हावी रहा है।

**पश्चिम की महत्वाकांक्षाएं व अहंकार संघर्ष के जिम्मेदारः** अपने भाषण में, पुतिन ने कहा कि पश्चिम की महत्वाकांक्षाएं, और अहंकार संघर्ष के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने परेड में मौजूद उन सैनिकों का स्वागत किया जो यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। पुतिन ने अपने संबोधन के समापन में कहा कि रूस के लिए हमारी बहादुर सशस्त्र सेनाओं के लिए जीत के लिए। मॉस्को परेड शुरू होने से कुछ घंटे पहले रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर क्रूज मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया। इस साल परेड कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हो रही है।

### श्रीनगर में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक आयोजित

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** केंद्र शासित जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मंगलवार हुई महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक में शीर्ष सुरक्षा अधिकारी बैठक में शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने की। बैठक में आगामी जी-20 के आयोजन, अमरनाथ यात्रा, पुंछ और राजौरी में हाल के हमलों के अलावा आतंकवाद और कानून व्यवस्था की स्थिति सहित अन्य सुरक्षा संबंधी मामलों पर चर्चा हुई। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक बैठक में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलावा विभिन्न खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल थे।

### अमेरिका ने बढ़ाया सीरिया में और राष्ट्रीय आपातकाल

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के खिलाफ प्रतिबंधों को बरकरार रखते हुए वहां के लिए घोषित राष्ट्रीय आपातकाल को और एक साल बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस ने जानकारी दी। श्री बाइडेन ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि इसलिए राष्ट्रीय आपात अधिनियम की धारा 202 (डी) के अनुसार मैं सीरिया सरकार के संबंध में घोषित राष्ट्रीय आपातकाल को एक साल के लिए जारी रख रहा हूं। उन्होंने सीरिया के अरब लीग में लौटने के कुछ दिनो बाद अमेरिकी राष्ट्रीय आपातकाल को बढ़ा दिया। अरब लीग के देशों के विदेश मंत्रियो ने रविवार को घोषणा की थी सीरिया संगठन में वापस आ जाएगा।

### स्वर्ण मंदिर: दोहरे विस्फोट जांच में जुटीं सुरक्षा टीमें

**अमृतसर, (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर के पास विरासती मार्ग पर 36 घंटों में दो धमाकों के बाद अब देश की सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुट गई हैं। इस मामले की जांच के लिए पहले एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी और अब मंगलवार की सुबह नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के विशेषज्ञ घटनास्थल पर मौके से कई सबूत इकट्ठे किए। अमृतसर की हेरिटेज स्ट्रीट पर स्थित सारागाड़ी पार्किंग में शनिवार रात और सोमवार को धमाका हुआ था। इस दौरान हालांकि पंजाब पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने दावा किया था की यह धमाका हल्के स्तर का था।

### आज का इतिहास

- **1857:** भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम इसी दिन आरंभ हुआ था।
- **1994:** दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की गई।
- **1999:** पेनिसिलन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर एडवर्ड इब्राहम की मृत्यु।
- **2001:** भारत एवं ताजिकिस्तान ने संयुक्त घोषणा पर इस्ताक्षर किए, घाना में फुटबॉल मैच में हिंसा, 130 मरे।
- **2003**: मोजाम्बिक के राष्ट्रपति जोकि अल्बर्टो फिसानो यात्रा पर भारत पहुंचे।
- **2005:** लाहौर-अमृतसर बस सेवा पर भारत और पाकिस्तान सहमत हुए।
- **2007:** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने कार्य स्थली पर होने वाले भेदभाव पर रिपोर्ट जारी की।
- **2008**: लेबनान में ईरान समर्थित विद्रोही संगठन हिजबुल्ला ने राजधानी बेरुत के मुस्लिम इलाके पर कब्ज़ा करने का दावा किया।

## सुप्रीम कोर्ट 'द केरला स्टोरी' के विवाद पर 15 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** द केरला स्टोरी फिल्म को लेकर जारी विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। केरल हाईकोर्ट के फिल्म पर बैन लगाने से इनकार करने वाले फैसले के खिलाफ अब याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले को सुना जाए। इस पर चीफ जस्टिस ने 15 मई को सुनवाई की बात कही है।



बता दें कि, केरल हाईकोर्ट ने 05 मई को फिल्म द केरला स्टोरी की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि फिल्म के ट्रेलर में किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। कोर्ट ने आदेश जारी करने से पहले फिल्म का ट्रेलर देखा। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस फिल्म में इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। केरल हाईकोर्ट का कहना था कि इस फिल्म में मुस्लिम धर्म पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है, बल्कि आईआसआईएस की कहानी दिखाई गई है।

दरअसल, फिल्म में उन लड़कियों की कहानी है, जो नर्स बनना चाहती थीं, लेकिन आईएसआईएस की आतंकी बन गई। इस फिल्म को लेकर देशभर में विवाद हो रहा है। प. बंगाल में सीएम ममता बनर्जी ने इसे बैन किया है तो वहीं, यूपी सरकार ने इसे टैक्स फ्री कर दिया है।

### उप्र में द केरल स्टोरी टैक्स फ्री, देखेंगे योगी

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** केरल में बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियो में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी' की चर्चाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाएगा। यही नहीं, सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए ट्वीट में लिखा कि सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई को लखनऊ में द केरल स्टोरी फिल्म देखेंगे।

### क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सेम सेक्स मैरिज के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूछा कि क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है, या क्या शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि संविधान खुद परंपरा तोड़ता है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मप्र सरकार के प्रतिनिधि वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा, समान लिंग के मुद्दे को भूल जाइए, क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है? द्विवेदी ने कहा कि अब तक शादी दो विषम लैंगिक व्यक्तियों में होती आई है।

### बिलकिस बानो केस: तो अखबार में छपा दीजिए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिजनों की हत्या मामले में सुनवाई 11 जुलाई तक के लिए टाल दी। इस केस में 11 दोषियों को सजा में छूट के खिलाफ याचिकाएं दायर हैं।

जस्टिस केएम जोसेफ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उन दोषियों को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया, जिन्हें नोटिस तामील नहीं हो सका है। पीठ ने उनके लिए गुजराती और अंग्रेजी सहित स्थानीय समाचार-पत्रों में नोटिस प्रकाशित करने के निर्देश दिए, जिन्हें नोटिस की जानकारी नहीं मिली है।

**गृहमंत्री शाह ने वर्चुअली किया प. बंगाल के विकास कार्यों का उद्घाटन**

## राजदूत की भूमिका भी निभा रहा है भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ मैत्री संदेश देकर राजदूत की भी भूमिका निभा रहा है। श्री शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण और सीमा सुरक्षा बल के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने के समय यह बात कही। उन्होंने एकीकृत चेकपोस्ट पेत्रापोल पर मैत्रीद्वार, सीमा सुरक्षा बल की नवनिर्मित चौकियों और अन्य भवनों का भी वर्चुअल उद्घाटन किया।



इस अवसर पर केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक, केन्द्रीय पत्तन मंत्री शांतनु ठाकुर, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह प्राधिकरण न केवल देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाली संस्था है बल्कि भारत के मैत्री के संदेश की राजदूत भी है। उन्होंने कहा कि भारत की 15 हजार किलोमीटर लंबी भूमि सीमा और सभी दक्षिणी एशियाई देशों के साथ हमारे सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यह प्राधिकरण बड़ी संस्था के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेत्रापोल पर प्रतिदिन 600-700 ट्रक का आवागमन और व्यापार होता है जिससे यहां अक्सर भीड़भाड़ की समस्या रहती थी लेकिन अब यहां दूसरा कार्गो गेट बनने से इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

### भारत ने बांग्लादेश के इतिहास में मैत्रीपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया

श्री शाह ने कहा कि 2016 से 2022 के दौरान लैंड पोर्ट कार्गो और यात्री के आंकड़ों में काफी वृद्धि हुई है। पहले यहां से 18000 करोड़ रूपए का व्यापार होता था जो बढ़कर आज 30000 करोड़ रुपए पार कर गया है। वर्ष 2022-23 में लैंड पोर्ट से लगभग 20 लाख यात्रियों की आवाजाही हुई है। इसके अलावा पेट्रापोल में 2021 में यात्री टर्मिनल बनने के बाद से सालाना 5 लाख यात्री, यानी रोजाना लगभग 11000 यात्रियों की आवागमन की सुविधा हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत, बांग्लादेश संबंध साझा संस्कृति, भाषा, कला और जीवन परंपराओं पर आधारित हैं और इन्हें आसानी से तोड़ा नहीं जा सकता। श्री शाह ने कहा कि हज़ारों सालों से एक ही संस्कृति के आधार पर जीने वाले दो राष्ट्रों के बीच, बांग्लादेश के जन्म से लेकर आज तक भारत ने हमेशा बांग्लादेश के इतिहास में मैत्रीपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। बंगलादेश की आजादी की लड़ाई में सीमा सुरक्षा बल का स्वर्णिम योगदान रहा है और इसी कारण आज भी भारत और बांग्लादेश के बीच सौहार्द्रपूर्ण और गर्मजोशी पर आधारित रिश्ते रहे हैं, जिन्हें इस स्थान से नई गति और ऊर्जा मिलेगी।

### मुख्यमंत्री धामी ने शुरू किया ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन सिस्टम



**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय से परिवहन विभाग द्वारा तैयार किए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम (एएनपीआर) का शुभारंभ किया। इससे प्रदेश के प्रमुख मार्गों में यातायात के नियमों के अनुपालन एवं कर अपवंचन संबंधी प्रकरणों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा होगी। इस अवसर पर, उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से यह एक अच्छी शुरूआत है। एएनपीआर कैमरे लगने से लोग यातायात के नियमों का पालन भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एएनपीआर कैमरे के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। इस कैमरे में अभी शुरूआती चरण में जो लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनको चेतावनी के एसएमएस भेजे जाएं। एएनपीआर कैमरे लगाने की जहां भी आवश्यकता पड़ रही है, स्थानों का चयन कर वहां इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## ब्रिगेडियर और अफसर की वर्दी होगी एकसमान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** विभिन्न स्तर पर सुधारों की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है सेना ने एक और महत्वपूर्ण तथा बड़ा निर्णय लेते हुए कहा है कि उसके ब्रिगेडियर और उनसे ऊपर के रैंक के सभी अधिकारियों की वर्दी एक समान रहेगी चाहे वह किसी भी रेजिमेंट से हो।

सूत्रों के अनुसार पिछले महीने संपन्न हुए सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में काफी गहन विचार विमर्श और सभी पक्षधारकों के साथ विस्तार से बातचीत के आधार पर यह निर्णय लिया गया। नया नियम आगामी एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि सूत्रों ने साफ किया है कि यह बदलाव केवल ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के अधिकारियों के मामले में लिया गया है और कर्नल तथा उससे नीचे के रैंकों की वर्दी पहले की तरह ही रेजिमेंटों के अनुरूप अलग अलग ही रहेगी।

सूत्रों ने कहा है कि सेना में उच्च नेतृत्व में रेजिमेंट के स्तर से ऊपर उठकर समान पहचान और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा इसे मजबूत बनाने के लिए सेना ने ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंकों के लिए वर्दी को समान रखने का निर्णय लिया है भले ही किसी भी अधिकारी की नियुक्ति किसी भी कैडर में और रेजिमेंट में हुई हो। इस निर्णय के लागू होने के बाद ब्रिगेडियर और उससे ऊपर रैंक के अधिकारी रेजिमेंट के अनुरूप अलग-अलग कैप, बेल्ट, जूते, शोल्डर बैज और जार्जट पैच नहीं पहनेंगे। इन सभी चीजों का मानकीकरण कर इन्हें सबके लिए समान बनाया जाएगा।

## मिग-21 क्रैश हादसे के मृतकों का अंतिम संस्कार

**मुआवजा और संविदा नौकरी पर समझौता**

**श्रीगानगर, (एजेंसी)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में बहलोल नगर गांव में वायु सेना का मिग-21 फाइटर विमान एक मकान पर क्रैश में तीन महिलाओं की मौत पर मंगलवार को दिन भर प्रशासन तथा पीड़ितों के परिवारों में कशमकश-खींचतान चलती रही। दोपहर बाद समझौता हुआ कि मृतक महिलाओं के आश्रितों को 6-6 लाख सहायता राशि, परिवार के एक-एक सदस्य को संविदा प्लेसमेंट पर नौकरी तथा क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा व बच्चों को निशुल्क शिक्षा व राजकीय छात्रावासों में रहने की व्यवस्था भी प्रशासन करेगा। इसके बाद तीनों मृतक महिलओं की अंत्येष्ठी की गई। इसमें कई लोग व अधिकारी शामिल थे।

## बहुविवाह पर बैन करेगा असम मुख्यमंत्री हिमंत ने की घोषणा



**गुवाहाटी, (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को घोषणा की कि असम सरकार ने यह पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया कि राज्य विधानमंडल को बहुविवाह पर रोक लगाने का अधिकार है या नहीं।

उन्होंने कहा कि समिति भारत के संविधान के अनुच्छेद 25--राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत और मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अधिनियम, 1937 के प्रावधानों पर गौर करेगी। शर्मा ने अपनी सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर कहा कि समिति कानूनी विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श करेगी, ताकि सुविचारित निर्णय लिया जा सके।

## अतीक की पत्नी का नाम भी हो सकता है माफिया सूची में

**धूमनगंज थाने में दर्ज की गई एफआईआर**

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता की लगातार मुसीबतें बढ़ती ही जा रही हैं। अब पुलिस रिकार्ड में शाइस्ता परवीन के नाम के आगे अपराधी लिखा गया है।

इंस्पेक्टर अरूण कुमार मौर्य ने धूमनगंज थाने में दो मई को मो आतीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है, पुलिस ने अपनी एफआईआर में शाइस्ता के नाम के आगे अपराधी लिखा। एफआईआर में लिखा है कि शाइस्ता परवीन अपने साथ शूटर रखती है। पांच लाख के इनामी साबिर को शाइस्ता का शूटर बताया गया। धूमनगंज पुलिस ने 02 मई को थाने में एक एफआईआर में दर्ज किया। आतिन जफर के घर छापेमारी के बाद एफआईआर लिखी गई थी।

**वार्तालाप** जयशंकर ने रक्षा, कृषि क्षेत्रों में सहयोग पर इजरायल के विदेश मंत्री के साथ बातचीत की

## जल और कृषि पर नए समझौते बढ़ाएंगे क्षमता

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने इजरायली समकक्ष एली कोहेन के साथ रक्षा, कृषि और जल के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक चर्चा की। कोहेन से मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया- मंगलवार दोपहर इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन के साथ सार्थक और व्यापक चर्चा हुई।



हमारी रणनीतिक साझेदारी के मुख्य स्तंभ कृषि, जल, रक्षा और सुरक्षा हमारे संबंधों को आगे ले जा रहे हैं। जल और कृषि में मंगलवार को हुए नए समझौते और अधिक करने की क्षमता को रेखांकित करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाई-टेक, डिजिटल और इनोवेशन और कनेक्टिविटी, मोबिलिटी टूरिज्म, वित्त और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आई2यू2 में प्रगति और बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को नोट किया। उन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों, यूक्रेन और इंडो-पैसिफिक पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने गतिशीलता के क्षेत्र में भी एक समझौते की शुरूआत की। कोहेन ने कहा कि उनकी भारत के विदेश मंत्री- डॉ. एस जयशंकर के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई।

कोहेन ने ट्वीट किया, हमारा सहयोग दुनिया में इजरायल की स्थिति और मध्य पूर्व में स्थिरता को मजबूत करेगा। तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे इजराइल के विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त कर दी और कुछ जरूरी चिंताओं के कारण मंगलवार की रात वापस लौटे।

### गाजा पर इजरायल का हवाई हमला, नौ लोगों की गई जान

**गाजा,(एजेंसी)।** इजरायल ने गाजा पट्टी में मंगलवार तड़के फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के उग्रवादियों पर हवाई हमला किया। इस हमले में करीब नौ लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सात शवों को गाजा शहर के शिफा अस्पताल में और अन्य दो शवों को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर के अस्पताल भेजा। गाजा शहर और राफह शहर में कई इमारतों पर इजरायली हवाई हमले किए।

# जन सुरक्षा योजनाएं आम लोगों की भलाई को समर्पित : निर्मला



■ इन योजनाओं के आठ साल पूरे हुए

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के 8 साल पूरे होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने मंगलवार को कहा कि ये तीन जन सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई लिए समर्पित है और अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं के खिलाफ मानव जीवन को सुरक्षा प्रदान करती हैं। पीएमजेजेबीवाई के अब तक कुल 16 करोड़ पीएमएसबीवाई में 34 करोड़ और एपीवाई के लिए 5 करोड़ से अधिक लोगों ने नामांकन करा चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई का शुभारम्भ 9 मई, 2015 को कोलकाता से किया था। ये तीनों योजनाएं नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि ये तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं की स्थिति में मानव जीवन की सुरक्षा के महत्व को स्वीकार करती हैं।

## 'सब्जी कूलर' खरीदने को आसानी से मिलेगा कर्ज

नई दिल्ली (भाषा)। कृषि प्रौद्योगिकी फर्म रूकार्ट ने अपने ग्राहकों को उत्पाद खरीदने के लिए आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने के लिए एसबीआई के साथ करार किया है।

इस करार से ग्राहकों को फलों और सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रखने वाले 'सब्जी कूलर' को खरीदने में सुविधा



होगी। रूकार्ट के सब्जी कूलर में सिर्फ एक दिन में 20 लीटर पानी की जरूरत होती है। यह फलों, फूलों और सब्जियों को 4-6 दिनों तक अधिक ताजा रखता है। एक सब्जी कूलर की लागत 50,000 रुपये है और इसकी भंडारण क्षमता 100 किलोग्राम है। इसका उपयोग करने के लिए बिजली की जरूरत नहीं है।

एसबीआई सोलापुर के सहायक महाप्रबंधक दिनेश कुमार झा ने कहा कि बैंक ने रूकार्ट के साथ करार किया है, जिससे वित्तीय और कृषि क्षेत्र के बीच अंतर कम होगा तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।

# फिच ने 'बीबीबी-' रखी भारत की सॉवरेन रेटिंग

■ अगस्त 2006 से रेटिंग एजेंसी फिच ने इसमें नहीं किया है कोई बदलाव

नई दिल्ली (भाषा)।

फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को भारत की सॉवरेन रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश में मजबूत वृद्धि परिदृश्य बना हुआ है। एजेंसी ने भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर रखा है जो अगस्त 2006 से इसी ग्रेड पर कायम है और सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है।

उसने एक बयान में कहा, 'फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता डिफाल्ट रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर रखा है।' फिच रेटिंग्स ने कहा कि सॉवरेन रेटिंग के लिए मजबूत वृद्धि क्षमता एक महत्वपूर्ण कारक है।

हालांकि, कमजोर सार्वजनिक वित्त एक चुनौती बना हुआ है। उसने कहा, 'भारत की रेटिंग अन्य समकक्षों की तुलना में मजबूत वृद्धि परिदृश्य और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शाती है जिसने भारत को पिछले वर्ष में बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद की है।' रेटिंग एजेंसी क



■ फिच ने भारत का वृद्धि परिदृश्य मजबूत बताया
■ सार्वजनिक वित्त को एजेंसी ने बताया एक चुनौती
■ तेजी बढ़ने वाली इकोनामी में से एक होगा भारत
■ भारत के समक्ष मुद्रास्फीति व ब्याज दरें भी चुनौती

अनुमानों से लगता है कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2023-मार्च 2024) में छह प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक होगा। एजेंसी ने 2022-23 में ... प्रतिशत और 2024-25 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। फिच ने कहा कि भारत को महामारी के चलते मांग में कमी के साथ ही उच्च मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दरों और वैश्विक मांग में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कारपोरेट और बैंकों के बहीखातों में सुधार के बाद निजी क्षेत्र मजबूत निवेश वृद्धि के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। इसके अलावा सरकार के बुनियादी ढांचा को बढ़ावा देने से भी वृद्धि संभावनाएं तेज हो गई हैं। इसके बावजूद निम्न श्रम बल भागीदारी और असमान सुधार को देखते हुए जोखिम बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां विभिन्न देशों की सरकारों की उधार चुकाने की क्षमता के आधार पर 'सॉवरेन रेटिंग' तय करती हैं। इसके लिए वह अर्थव्यवस्था, बाजार और राजनीतिक जोखिम को आधार मानती हैं।

## मुआवजा ढांचा पर सहमति देने के लिए एयर इंडिया ने पायलटों को दिया वक्त

नई दिल्ली (भाषा)।

एयर इंडिया ने अपने पायलटों को संशोधित मुआवजा ढांचा स्वीकार करने के लिए और समय दिया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। हालांकि, इस ढांचे का दो पायलट यूनियनों ने विरोध किया है।

जिन पायलटों ने अभी तक नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, उन्हें अधिक वक्त देने का फैसला किया गया है। ऐसा पायलटों की चिंताओं पर चर्चा करने के बाद किया गया। एयरलाइन ने नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के लिए इस सप्ताह के अंत तक का समय दिया है। समय सीमा बढाने पर एयर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई। इससे पहले नए अनुबंधों को स्वीकार करने की समय सीमा 30 अप्रैल को खत्म हो गई थी। समय सीमा बढ़ाने का फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है, जब संकटग्रस्त गो फर्स्ट ने उड़ान बंद कर दी है और इसका भविष्य अनिश्चित है। ऐसे में इसके पायलट कहीं और नौकरी के अवसर तलाश रहे हैं।

800 पायलट, जिन्होंने नए ढांचे को स्वीकार नहीं किया था, वे चार मई को टाउन हाल में शामिल हुए। इसे एयर इंडिया के परिचालन प्रमुख कैप्टन राजविंदर सिंह संधू ने संबोधित किया। इस बैठक में शामिल एक पायलट ने कहा कि संधू ने भरोसा दिया था कि सभी मुद्दों को सुलझाया जा सकता है।

## समीक्षा सार

### चीन का निर्यात बढ़ा

पेइचिंग। कमजोर वैश्विक मांग के बावजूद चीन का निर्यात अप्रैल में अप्रत्याशित रूप से 8.5 प्रतिशत बढ़ा। सीमा शुल्क विभाग ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इस दौरान निर्यात बढ़कर 295.4 अरब अमेरिकी डालर हो गया। इससे पहले मार्च में निर्यात 14.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में आयात सालाना आधार पर 7.9 प्रतिशत घटकर 205.2 अरब डालर रह गया। मार्च में आयात 1.4 फीसद घटा था। चीन का व्यापार अधिशेष अप्रैल में सालाना आधार पर 82.3 प्रतिशत बढ़ गया। इस साल निर्यात कम रहने का अनुमान था।

### कर्ज अदायगी में चूक

नई दिल्ली। संकट में फंसी जयप्रकाश एसोसिएट्स 3,956 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाने में चूक गई है। इसमें मूल राशि और ब्याज शामिल है। जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. (जेएएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने 30 अप्रैल को मूल रकम 1,642 करोड़ रुपए और ब्याज मद में 2,314 करोड़ रुपए लौटाने में चूक की। कंपनी के ऊपर यह कर्ज विभिन्न बैंकों का है। कंपनी ने ये कर्ज कार्यशील पूंजी, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बान्ड समेत अन्य रूप में लिया था। जेएएल ने कहा कि उसके ऊपर ब्याज समेत कुल 29,277 करोड़ रुपए का कर्ज है।

### डिजिटल ऐड देगी मारुति

मुंबई। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने कुल विज्ञापन व्यय में डिजिटल माध्यम की हिस्सेदारी को एक-तिहाई पर स्थिर करने का मन बना लिया है। सोशल मीडिया दिग्गज मेटा के एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए मारुति के कार्यकारी निदेशक (विपणन) राम सुरेश अकेला ने मंगलवार को कहा कि कुल विज्ञापन व्यय में डिजिटल माध्यम की हिस्सेदारी बढ़कर 30-32 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मारुति के विज्ञापन व्यय में डिजिटल हिस्सेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम अपने मुकाम पर लगभग पहुंच ही गए हैं, बस थोड़ा और।'

### सोना 450 रुपए चढ़ा

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती रहने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 450 रुपए बढ़कर 61,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 380 रुपए की गिरावट के साथ 77,400 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 450 रुपए की तेजी से 61,300 रुपए हो गई।' विदेशी बाजारों में सोना चमक बिखेरते हुए 2,024 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी गिरावट के साथ 25.45 डालर प्रति औंस रह गई।(एजेंसी)

# पिछले पांच वित्त वर्ष में स्टेट बैंक का ₹7655 करोड़ का होम लोन फंसा

■ ईएमआई का भुगतान करने में विफल रहे हैं 1.13 लाख खाताधारक

इंदौर (भाषा)।

सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून से खुलासा हुआ है कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के 1,13,603 खाताधारकों के तय समय पर मासिक किस्त (ईएमआई) का भुगतान नहीं करने से उन्हें दिया गया 7,655 करोड़ रुपए का आवास ऋण फंसा है।

| वर्ष | रकम |
|---|---|
| 2018-19 | ₹237 करोड़ |
| 2019-20 | ₹192 करोड़ |
| 2020-21 | ₹410 करोड़ |
| 2021-22 | ₹642 करोड़ |
| 2022-23 | ₹697 करोड़ |




इस अवधि के दौरान देश के सबसे बड़े बैंक ने ऐसे 45,168 खाताधारकों के 2,178 करोड़ रुपए के फंसे आवास ऋण को बट्टे खाते में डाला है। नीमच के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने मंगलवार को बताया कि एसबीआई ने उन्हें ये आंकड़े आरटीआई कानून के तहत मुहैया कराए हैं। उन्होंने इन आंकड़ों के हवाले से बताया कि एसबीआई ने वर्ष 2018-19 में 237 करोड़ रुपए, 2019-20 में 192 करोड़ रुपए, 2020-21 में 410 करोड़ रुपये, 2021-22 में 642 करोड़ रुपए और 2022-23 में 697 करोड़ रुपए के फंसे आवास ऋण को बट्टे खाते में डाला।

जानकारों ने बताया कि किसी बैंक द्वारा फंसे ऋण को बट्टे खाते में डालने के बावजूद कर्जदार पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बना रहता है और बट्टे खाते में डाली गई राशि वसूलने के लिए बैंक की कवायद जारी रहती है।

## चीन, कोरिया, इंडोनेशिया से आयातित आप्टिकल फाइबर पर डंपिंग रोधी शुल्क

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा डीजीटीआर ने चीन, कोरिया और इंडोनेशिया से एक निश्चित प्रकार के आप्टिकल फाइबर के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए यह सिफारिश की गई है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इन देशों से आयात होने वाले 'डिस्पर्सन अनशिफ्टेड सिंगल-मोड ऑप्टिकल फाइबर' को डंप करने की जांच करने के बाद यह सिफारिश की है।

बिरला फुरुकावा फाइबर ऑप्टिक्स प्रा. लिमिटेड ने घरेलू उद्योग की ओर से इस उत्पाद पर डंपिंग रोधी जांच शुरू करने के लिए कहा था। डीजीटीआर ने अपनी जांच में पाया कि आयात के कारण घरेलू उद्योग को भौतिक क्षति हो रही है।

# बीएसएनएल की 4जी सेवाएं जल्द

नई दिल्ली (भाषा)।

राज्यमंत्री देवु सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) 4जी सेवाएं देने की तैयारी में है और इन सेवाओं को जल्द-से-जल्द ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए काम तेजी से जारी है।



मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय डाक लॉजिस्टिक सेवाप्रदाता के रूप में सरकार समर्थित ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) के साथ भागीदारी पर गौर कर रहा है। अवांछित काल के बारे में मंत्री ने कहा कि इसके समाधान के लिए कदम उठाए जा रहे है। मंत्री ने कहा कि 4जी पर काम जारी है और सरकार जल्द-से-जल्द सेवाएं शुरू करने को लेकर गंभीर है। मंत्रियों के समूह के एक लाख 4जी उपकरण लगाए जाने को मंजूरी दिये जाने के साथ उन्होंने यह बात कही है।

सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी लेकर आ रही है, जिसमें कुछ समय लगेगा। लेकिन दूरसंचार निगम अब ग्राहकों को यह सेवा उपलब्ध कराने के लिए सक्रियता के साथ कदम उठा रहा है। मंत्री ने लाजिस्टिक सेवाओं के लिए भारतीय डाक, व्यापारियों के संगठन कैट और तृप्ता टेक्नोलॉजीज के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा के लिये आयोजित कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में संवाददाताओं से यह बात कही।

# मल्टी ब्रांड आउटलेट्स से दुपहिया की बिक्री पर फाडा फिक्रमंद

नई दिल्ली (भाषा)।

आटोमोबाइल डीलरों के निकाय फाडा ने मंगलवार को कहा कि अनधिकृत मल्टी-ब्रांड आउटलेट से दोपहिया वाहनों की बिक्री के चलते वैध डीलरशिप को नुकसान हो रहा है।

फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि उसने इस चलन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए विभिन्न अधिकारियों से संपर्क किया है




फाडा ने एक बयान में कहा कि मल्टी-ब्रांड आउटलेट (एमबीओ) डीलरों से थोक में अपंजीकृत वाहन ले रहे हैं और बिक्री के बाद सेवा की किसी भी प्रतिबद्धता के बिना रियायती दरों पर ग्राहकों को बेच रहे हैं। निकाय ने कहा कि इससे वैध डीलर प्रभावित हुए हैं और ब्रांड तथा डीलर भागीदारों के प्रति ग्राहकों का भरोसा भी कम हुआ है।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, 'हमने दोपहिया उद्योग में अनधिकृत एमबीओ के मुद्दे को उठाया है, जो वास्तविक डीलरों के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं हैं और किसी व्यापार प्रमाणपत्र या बिक्री के बाद की सेवाओं के बिना अपंजीकृत वाहन बेचते हैं।' उन्होंने कहा कि इसके चलते कई वैध दुपहिया डीलरशिप बंद हो गए हैं, क्योंकि उनका कारोबार अव्यवहारिक हो गया है। इसलिए मल्टी ब्रांड टू व्हीलर शोरूम को बंद किया जाए तो बेहतर होगा।

## ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देने के उपाय कर रहा भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के महानिदेशक अभय बाकरे ने कहा कि भारत अपनी शुद्ध शून्य प्रतिबद्धताओं के तहत विभिन्न उपाय कर रहा है। इसके लिए घरेलू बाजार के साथ ही वैश्विक स्तर पर उद्योगों के लिए ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि ऊर्जा संक्रमण कार्य समूह (ईटीडब्ल्यूजी) की आगामी बैठक में विभिन्न उपायों पर चर्चा की जाएगी। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाला बीईई ऊर्जा दक्षता वाली प्रक्रियाओं, उपकरणों और प्रणालियों को बढावा देता है। बाकरे ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत होने वाली बैठकों में ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने, कम कार्बन उत्सर्जन वाले औद्योगिक उत्पादों के बाजार में वृद्धि और ऊर्जा दक्षता पर एक मिशन पर चर्चा की जाएगी।

# कंपनियों पर होता है कर अनुपालन का दबाव

■ इसके चलते कंपनियों का कर विभाग इस काम कर खर्च करता है 70 फीसद वक्त

नई दिल्ली (भाषा)।

बड़ी कंपनियों के कर विभाग को औसतन अपना 70 प्रतिशत समय कर नियमों के अनुपालन में लगाना पड़ता है। विभिन्न सरकारी एजेंसियों की तरफ से जुटाए गए आंकड़ों का इस्तेमाल कर इस समय को कम किया जा सकता है। एक सर्वे रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

सलाहकार फर्म डेलॉयट के मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण के मुताबिक, कंपनियों को 'स्रोत पर कर कटौती' (टीडीएस) प्रावधान के अनुपालन में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कर नियमों के तहत सूचनाएं देने के प्रावधानों को सरल बनाकर प्रक्रिया को अधिक तेज और कारगर बनाया जा सकता है। 'भारत में आयकर डिजिटलीकरण' पर जारी यह सर्वे कहता है किकर अनुपालन पर कंपनियों



के कर विभागों का लगने वाला गैर-आनुपातिक समय चिंता का विषय है और कर प्रशासन एवं करदाताओं के बीच चर्चा कर इसका समाधान निकालने की जरूरत है।'

बड़ी कंपनियों में भी कर विभाग के पास बड़ी टीम होने के बावजूद उन्हें औसतन 70 प्रतिशत समय कर अनुपालन पर ही लगाना पड़ता है। डेलॉयट इंडिया के साझेदार रोहिंटन सिधवा ने कहा, 'आज कारपोरेट करदाता कर अनुपालन पर जितना समय लगाता है, उसे देखते हुए अनुपालन प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की सख्त जरूरत है।' सर्वेक्षण में शामिल दो-तिहाई प्रतिभागियों और 6,400 करोड़ रुपए से अधिक कारोबार वाली कंपनियों के 84 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि जीएसटी रिटर्न, वार्षिक आयकर रिटर्न और फेमा के तहत दी गई जानकारियों का इस्तेमाल कर आयकर अनुपालन की शर्तों को हल्का किया जा सकता है।

## जीवन बीमा उत्पादों की प्रीमियम राशि बढ़ने से ग्राहक चिंतित

नई दिल्ली (भाषा)। जीवन बीमा के लिए प्रीमियम राशि बढ़ना ग्राहकों के लिये बड़ी चिंता की बात है और इसे किफायती बनाए रखना एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह कहा गया है।

बाजार के बारे में शोध करने वाली कंपनी हंसा रिसर्च की रिपोर्ट में जीवन बीमा उत्पाद खरीदने के निर्णय में तीन बड़ी बाधाएं बताई गई हैं। इसमें आर्थिक बाधाएं/उत्पादों का किफायती होना, बीमा उत्पाद खरीदने को लेकर समस्या की आशंका आदि शामिल हैं।

सर्वे देशभर के करीब 3,300 जीवन बीमा पालिसीधारकों के विचारों के आधार पर तैयार किया गया है। इन लोगों से पालिसीधारक के रूप में उनके अनुभव के बारे में पूछा गया था।

रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि कंपनी का ग्राहकों से संपर्क नहीं होने से लोग बीमा पालिसी से दूर होते हैं। सर्वे में 22 प्रतिशत ग्राहकों ने पालिसी छोड़ने के संभावित कारण के रूप में 'कंपनी का संपर्क में नहीं होने' का हवाला दिया। इसमें कहा गया है कि 10 ग्राहकों में से आठ ने माना कि बैंक के आरएम (रिलेशनशिप मैनेजर)/एजेंट को बीमा उत्पाद खरीदने के बाद छह महीने में कम-से-कम एक बार उन्हें कॉल करना चाहिए या मुलाकात करनी चाहिए।

# क्रेडिट कार्ड से कर्ज भुगतान रोकने का आदेश बीमाधारकों के लिए अच्छा

■ बीमा पालिसी को गिरवी रखकर कर्ज लेने वाले बीमाधारकों को क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर महंगा पड़ता है कर्ज

नई दिल्ली (भाषा)।

बीमा कंपनियों ने बकाया कर्ज लौटाने के लिए क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर रोक लगाने संबंधी बीमा नियामक इरडा के निर्देश का स्वागत करते हुए कहा है कि यह पालिसीधारकों को कर्ज के जाल में फंसने से रोकेगा।

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने हाल ही में अपने एक आदेश में सभी जीवन बीमाकर्ताओं से कहा है कि वे बीमा पालिसी गिरवी रखकर लिए गए कर्जों को चुकाने में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर फौरन रोक लगाएं। इस निर्देश पर बीमा कंपनियों ने कहा है कि क्रेडिट कार्ड पर उधार लेकर और कार्ड पर बकाया राशि पर बहुत अधिक ब्याज दरों का भुगतान करके ऋण चुकाना ग्राहक के हित में नहीं था।

विशेषज्ञों का मत है कि वित्तीय अनुशासन सबसे अहम है और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर्ज चुकाने से बचा जाना चाहिए। इसकी वजह यह है कि भुगतान में चूक होने या आंशिक भुगतान के मामले में, कार्ड जारी करने वाली कंपनियों को भारी ब्याज दरों का भुगतान करना होगा। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष, मुख्य बीमांकक और मुख्य जोखिम अधिकारी सुनील शर्मा ने कहा कि बीमा नियामक का यह एक अच्छा कदम है क्योंकि यह पालिसीधारकों के हितों की रक्षा करता है।




उन्होंने कहा, 'पालिसी पर लिए गए कर्ज पर ब्याज दरें बिना गारंटी वाले व्यक्तिगत ऋण की तुलना में बहुत कम हैं लिहाजा ग्राहकों के लिए पालिसी ऋण चुकाने के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग करना वित्तीय समझदारी नहीं होगी।' सिक्योरनाउ के सह-संस्थापक कपिल मेहता के मुताबिक, नियामक को यह लगता है कि क्रेडिट कार्ड से बीमा ऋण चुकाने वाले कर्ज के जाल में फंस जाते हैं।

उन्होंने कहा, 'अधिकांश बीमा ऋण आठ से 15 प्रतिशत दर वाले होते हैं जबकि क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें 20 प्रतिशत से ऊपर हो सकती हैं।' आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कमलेश राव ने कहा कि यह आदेश पॉलिसीधारकों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने में मदद करता है और जिम्मेदार वित्तीय योजना का समर्थन करता है।

## समय से पहले कर्ज चुकाएगा अडाणी समूह

नई दिल्ली (भाषा)।

अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी के समूह ने मंगलवार को कहा कि वह निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए 13 करोड़ डालर का कर्ज समय से पहले चुकाएगा।

अमेरिकी शार्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की समूह को निशाना बनाकर आई रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट आई थी। हालांकि, समूह ने रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताया है। अडाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनामिक जोन ने पिछले महीने 13 करोड़ डालर मूल्य के जुलाई, 2024 के बान्ड की पुनर्खरीद के लिए निविदा जारी की थी। कंपनी चार तिमाहियों में इतनी ही राशि के बान्ड खरीदेगी।

# सऊदी के लिए गले की फांस बना क्रिस्टियानो रोनाल्डो से 1728 करोड़ का करार!

## क्रिस्टियानो की गर्लफ्रेंड जॉर्जीना रोड्रिग्ज की बिकनी तस्वीरों से अरब देश में रोजाना मच रहा बवाल

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो पिछले ही साल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल-नस्र से जुड़े हैं। वे अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जीना के साथ सऊदी में रहते हैं। 37 वर्षीय रोनाल्डो इसको लेकर कई बार विवादों में भी रहे। रोनाल्डो की गर्लफ्रेंड जॉर्जीना रोड्रिग्ज ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बिकनी तस्वीरें पोस्ट की हैं। जॉर्जीना की बिकनी वाली तस्वीरों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रोड्रिग्ज को बिकनी में पूल के पास आनंद लेते देखा जा सकता है। रोड्रिग्ज स्काई ब्लू रंग की बिकनी पहने हुए है। सऊदी अरब के लोग जॉर्जीना से बिकनी वाली तस्वीर पोस्ट करने की वजह से माफी मांगने की अपील कर रहे हैं। सऊदी अरब के कानून के अनुसार, देश में महिलाओं के लिए छोटे कपड़े, बिकनी पहनने की अनुमति नहीं है। इसे पहले भी सऊदी अरब के लोग बिना शादी किए हुए जॉर्जीना को देश में रखने के लिए विरोध जता चुके हैं। सऊदी अरब के कानून के अनुसार, बिना शादी किए हुए लिव-इन-रिलेशनशिप में भी रहना गैरकानूनी है। सऊदी के कड़े कानूनों के बावजूद रोनाल्डो बहुत ही आराम से सऊदी में रह रहे हैं और कई मौकों पर बाहर भी घूमने जाते हैं। सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल-नस्र ने रिकॉर्ड 200 मिलियन डॉलर यानी प्रति सीजन तकरीबन 1728 करोड़ रुपए देकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो से करार किया है।





# मेंदोला बोले-सभी खेल संघों को मिलेगा एक-एक लाख रुपए का अनुदान

## मप्र ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**भोपाल।** राजधानी के एक होटल में मंगलवार को मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक संघ के अध्यक्ष एवं विधायक रमेश मेंदोला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भर से मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघो के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मेंदोला ने खेल संस्कृति के विकास के लिए अहम निर्णय लेते हुए सभी संघों को एक-एक लाख रुपए अनुदान देने की घोषणा की। गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में चीफ डी मिशन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें 26 खेलों में प्रदेश ने करीब 395 खिलाड़ियों एवं 87 पदाधिकारियों के साथ हिस्सा लिया और 20 स्वर्ण सहित 66 पदक जीतते हुए सातवां स्थान अर्जित किया। मप्र खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संयोजित 5वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स में 570 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 34 स्वर्ण, 30 रजत और 27 कांस्य सहित कुल 96 पदक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मप्र ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार खेलों के समग्र विकास के कृतसंकल्पित है। जहां एक और केंद्र द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।




### सीएम शिवराज से मिला संघ का प्रतिनिधिमंडल

बैठक के उपरांत ओलंपिक संघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिला तथा खेलों के विकास के संदर्भ में चर्चा की। इस अवसर पर मप्र ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. मोहन यादव मंत्री मप्र शासन, विश्वास कैलाश सारंग मंत्री मप्र शासन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# RCB को लगा MI का सूर्य ग्रहण

## आईपीएल सीजन 16: बेंगलुरु को हरा नंबर तीन पर पहुंची मुंबई इंडियंस, यादव, वढेरा और किशन ने 200 रनों के लक्ष्य को भी कर दिया बौना साबित




**मुंबई।** आईपीएल सीजन 16 के 54वें ब्लॉकबस्टर मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस अंक तालिका में नंबर तीन पर पहुंच गई है। वानखेड़े स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में आरसीबी ने मुंबई को 200 रनों का टारगेट दिया था, जिसे मेजबान टीम ने 16.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। मुंबई की जीत के हीरो स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और नेहाल वढेरा रहे। सूर्या ने 35 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली और इस दौरान सात चौके और छह छक्के लगाए। वहीं वढेरा ने 34 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रनों की पारी खेली।

टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस को ईशान किशन ने तगड़ी शुरुआत दिलाई। ईशान किशन ने सिर्फ 21 गेंदों पर 42 रन बनाए, जिसमें चार चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। अपनी तूफानी पारी के दौरान ईशान ने रोहित शर्मा के साथ मिलकर 51 रनों की पार्टनरशिप की। इससे पूर्व टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी आरसीबी की शुरुआत काफी खराब रही। मैच के पांचवीं ही गेंद पर जेसन बेहरेनडॉर्फ ने विराट कोहली (1 रन) को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद अपने अगले ओवर में इस ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने अनुज रावत को भी चलता किया। 16 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस ने 120 रनों की धमाकेदार साझेदारी करके आरसीबी की वापसी कराई। मैक्सवेल ने 33 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल रहे। जेसन बेहरेनडॉर्फ ने मैक्सवेल को नेहाल वढेरा के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी का अंत किया। डु प्लेसिस के पवेलियन लौटने के बाद आउट ऑफ फॉर्म चल रहे दिनेश कार्तिक ने कुछ तगड़े शॉट लगाकर आरसीबी को 200 के करीब पहुंचाने में मदद की। मुंबई की ओर से जेसन बेहरेनडॉर्फने तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली कै. किशन बो. जेसन | 01 | 04 | 0/0 |
| डु प्लेसिस कै. विनोद बो. ग्रीन | 65 | 41 | 5/3 |
| अनुज रावत कै. ग्रीन बो. जेसन | 06 | 04 | 1/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल कै. वढेरा बो. जेसन | 68 | 33 | 8/4 |
| महिपाल लोमरोर बो. कार्तिकेय | 01 | 03 | 0/0 |
| कार्तिक कै. वढेरा बो. जॉर्डन | 30 | 18 | 4/1 |
| केदार जाधव नाबाद | 12 | 10 | 1/0 |
| वानिंदु हसरंगा नाबाद | 12 | 08 | 2/0 |

**अतिरिक्त: 4, कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर 199 रन **विकेट पतन:** 1-2, 2-16, 3-136, 4-143, 5-146, 6-185 **गेंदबाजी:** जेसन बेहरनडॉर्फ 4-0-36-3, पीयूष चावला 4-0-41-0, कैमरन ग्रीन 2-0-15-1, क्रिस जॉर्डन 4-0-48-1, कुमार कार्तिकेय 4-0-35-1, आकाश मधवाल 2-0-23-0,

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान कै. अनुज बो. हसरंगा | 42 | 21 | 4/4 |
| रोहित शर्मा पगबाधा हसरंगा | 07 | 08 | 1/0 |
| सूर्यकुमार कै. जाधव बो. वैशाक | 83 | 35 | 7/6 |
| नेहाल वढेरा नाबाद | 52 | 34 | 4/3 |
| डेविड कै. मैक्सवेल बो. वैशाक | 00 | 01 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त: 14, कुल:** 16.3 ओवर में चार विकेट पर 200 रन **विकेट पतन:** 1-51, 2-52, 3-192, 4-192 **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 3-0-31-0, जोश हेजलवुड 3-0-32-0, वानिंदु हसरंगा 4-0-53-2, विजय वैशाक 3-0-37-2, हर्षल पटेल 3.3-0-41-0,

### आर्चर की जगह जॉर्डन मुंबई टीम में शामिल

**मुंबई।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन अपने हमवतन जोफ्रा आर्चर की जगह आईपीएल के मौजूदा सीजन के लिये मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। मुंबई ने कहा, क्रिस ने जोफ्रा आर्चर की जगह ली है, जिनकी रिकवरी और फिटनेस पर ईसीबी द्वारा नजर रखी जा रही है।

### ऑरेंज कैप



1 फाफ डु प्लेसिस 576

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 84 | 57.60 | 45 | 32 | 6 | 0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | 4 | 6 | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | यशस्वी | 11 | 477 | 124 | 43.36 | 62 | 21 | 3 | 1 |
| 3 | शुभमन गिल | 11 | 469 | 94* | 46.90 | 49 | 13 | 4 | 0 |
| 4 | डेवोन कॉन्वे | 11 | 458 | 92* | 57.25 | 54 | 13 | 5 | 0 |
| 5 | विराट कोहली | 11 | 420 | 82* | 42.00 | 39 | 11 | 6 | 0 |

### पर्पल कैप



1 मोहम्मद शमी 19

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 19 | 7.23 | 11/4 | 1/0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | विकेट | बेस्ट | इकोनॉमी | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | राशिद खान | 11 | 19 | 14/3 | 8.09 | 0/0 |
| 3 | तुषार देशपांडे | 11 | 19 | 45/3 | 10.33 | 0/0 |
| 4 | पीयूष चावला | 11 | 17 | 22/3 | 7.46 | 0/0 |
| 5 | वरुण चक्रवर्ती | 11 | 17 | 15/4 | 7.84 | 1/0 |

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.951 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.409 |
| मुंबई इंडियंस | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.255 |
| लखनऊ सुपर जांयट्स | 11 | 05 | 05 | 11 | 0.294 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 05 | 06 | 10 | 0.388 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.079 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.345 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.441 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 04 | 06 | 08 | -0.472 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 04 | 06 | 08 | -0.529 |

## Filmi तड़का

# रावण का घमंड तोड़ने लौटे राम

## 700 करोड़ में बनीं प्रभास की फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** लंबे समय के इंतजार के बाद फाइनली आदिपुरुष फिल्म का ट्रेलर मंगलवार 9 मई को रिलीज कर दिया गया है। इसमें प्रभास को भगवान राम, कृति सेनन को माता सीता, सनी सिंह को लक्ष्मण और सैफ अली खान ने लंकेश का किरदार निभाया है। हैदराबाद में ट्रेलर लॉन्च के लिए ग्रैंड इवेंट हुआ, जिसमें पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही। साथ ही फैंस के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग भी हुई। इस कारण ट्रेलर, सोशल मीडिया पर पहले ही लीक हो गया था, लेकिन अब इसे ऑफिशियल तरीके से यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि फिल्म की कहानी रामायण पर बेस्ड है। भगवान राम का वनवास जाना, सीता से बिछड़ना, हनुमान जी का सीता की खोज करना और सबसे आखिरी में लंकेश की झलक खौफनाक देखने को मिली है। कई सीन्स ऐसे हैं कि रोंगटे खड़े हो जाएंगे। ये मूवी 16 जून 2023 को थिएटर्स में वर्ल्डवाइड रिलीज हो रही है। आप इसे हिंदी के अलावा तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी देख सकते हैं। फिल्म का बजट 700 करोड़ रुपये से ज्यादा बताया जा रहा है, जो अब तक की सबसे महंगी इंडियन मूवी है।

# 13 मई को सगाई! राघव संग दिल्ली रवाना हुईं परिणीति



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की सगाई शनिवार 13 मई को होने की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, ये समारोह दिल्ली में होगा और इसके लिए 150 करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। शादी की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह इस साल के आखिर में होगी। बता दें कि राघव और परिणीति को कई मौकों पर साथ देखा गया है। हाल ही में दोनों आईपीएल मैच में साथ दिखाई दिए थे। मुंबई के बांद्रा में एक रेस्तरां में भी रविवार शाम को उन्हें साथ में देखा गया था। परिणीति के भाई शिवांग चोपड़ा भी इस मौके पर साथ थे, जब पत्रकारों ने उनसे शादी की तारीख को लेकर सवाल किया तो परिणीति और राघव चड्ढा ने कोई जवाब नहीं दिया, हालांकि दोनों मुस्कुराएं और चले गए। बता दें कि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा ने साथ में लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में साथ पढ़ाई की थी। उन्हें पिछले दिनों मुंबई एयरपोर्ट और वहीं के एक रेस्तरां में साथ देखा गया था। आप सांसद संजीव अरोड़ा ने पिछले महीने कहा था कि दोनों जल्द शादी कर रहे हैं।

# परिवार के साथ हर सफर हो जाता है सुहाना, मौज- मस्ती के साथ होते हैं कई एक्सपीरियंस

परिवार के साथ यात्रा में मौज मस्ती के अलावा निश्चिंतता भी बढ़ जाती है। पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने में जो मजा और निश्चिंतता होती है। क्योंकि परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी तरह की औपचारिकता नहीं करनी पड़ती है। परिवार साथ हो तो खर्चे में भी राहत मिल जाती है। वहीं मन में यह भी भाव होता है कि वैकेशन के दौरान अगर किसी चीज में एक्सट्रा खर्च आता है तो एक साथ मिलकर संभाल लेंगे। इसके अलावा परिवार के साथ जीवन भर की यादें भी मन में बस जाती हैं। परिवार के साथ बिताए गए हर पल सकारात्मक ऊर्जा पाने का अवसर बन जाते हैं। वहीं परिवार के साथ की गई यात्रा के दौरान हम कई अनुभव करते हैं और एक-दूसरे को समझने का मौका मिलता है। जब नई पीढ़ी नौकरी, शादी या पढ़ाई के लिए आप देश से बाहर जाते हैं। तो यही यादों का पिटारा आपके मन को तसल्ली देने का काम करता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति समय की कमी को लेकर सबसे ज्यादा परेशान रहता है। जहां बड़ों को ऑफिस और काम से फुरसत नहीं मिलती तो वहीं बच्चों को स्कूल और वर्चुअल दुनिया से छुटकारा नहीं मिल पाता। ऐसे में पूरे परिवार को एक साथ लाने के लिए वैकेशन सबसे बेस्ट ऑप्शन होता है। एक छुट्टी घर में रहते हुए भी बच्चों और पैरेंट्स के बीच संवाद की कमी को मिटा देती है। वैकेशन के दौरान आप परिवार के हर सदस्य के साथ अपने बॉन्ड को बेहतर कर सकते हैं। फिर चाहे वह हस्बैंड-वाइफ हों, बच्चे व पैरेंट्स हो। भले की आप परिवार के साथ सिर्फ 2 दिन के छोटे ही वैकेशन पर क्यों न जाएं। लेकिन साथ में गुजारे गए ये पल आपको जीवन भर भी खुशि?ा सहेजने का मौका देते हैं। जब भी आप उदास या किसी उलझन का सामना कर रहे होते हैं, तो परिवार के साथ बिताए गए इन पलों को याद करने से आप अच्छा फील करने लगेंगे। यात्रा के यह वो पल होते हैं जो सबसे बेस्ट और अच्छे होते हैं। छुट्टियों में परिवार के साथ बिताया गया हर लम्हा आपको खुशियां देने के साथ ही तरोताजा करमे का काम करता है। वहीं छुट्टियों के जरिए आप रिश्तों की कड़वाहट को भी दूर कर सकते हैं।

आज के दौर में हर कोई इतना व्यस्त हो जाता है कि वह शायद यह भी भूल जाता है कि उनकी पत्नी, बहन, बेटी या घर की अन्य महिला संगीत या नृत्य में भी इंट्रेस्ट रखती हैं। या आपके पिता व भाई अच्छी व्हिसिलिंग या तैराकी करते हैं। या परिवार के किसी सदस्य की फोटोग्राफी स्किल्स बहुत ही शानदार हैं। लेकिन जब आप परिवार के साथ छुट्टियां बितातें हैं तो आपको कई ऐसी बातें याद आती हैं, जो यह याद दिलाने में मदद करती हैं कि परिवार के कौन से सदस्य में क्या खासियत या काबिलियत है। परिवार के साथ यात्रा आपको उस व्यक्ति के बारे में करीब से सोचने का मौका देने के साथ ही उनके प्रति सम्मान भी महसूस कराता है। यह एहसास आपके रिश्तों में गर्माहट भरने का काम करता है। यात्रा का मतलब होता कि किसी जगह को एक्सप्लोर करना। नई चीजों को जानने और उनको जीने का मौका। इससे न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी काफी कुछ सीखते हैं। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने बचपन के संस्मरणों में इस बात का जिक्र किया है, पिता के साथ की गईं यात्राओं ने टैगोर को प्रकृति और परिवेश के बारे में अद्भुत जानकारियां दी। क्योंकि हर नए सफर में हम न सिर्फ उस स्थान के बारे में जानते हैं, बल्कि वहां का परिवेश, संस्कृति, खाना-पीना, भाषाओं-बोलियों, लोगों आदि के बारे में बहुत कुछ जानने व सीखने का मौका मिलता है। सफर के दौरान हो या किसी जगह पहुंचने के बाद अगर किसी तरह की मुसीबत आती है तो उसका एक ही हल होता है कि फौरन उस समस्या का समाधान ढूंढा जाए। आपको यह भी यात्राएं सिखाती हैं। अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना, नए मौसम से सामंजस्य बैठाना, एडवेंचर स्पोर्ट्स आदि एक्टिविटीज के माध्यम से अपनी सीमाओं को चुनौती देता, नए वातावरण के अनुसार खुद को ढालना। यह सब ऐसी स्थितियां हैं जो आपको सकारात्मक बनाए रखने में मदद करती हैं।

{ लोक नाट्य
डा. तीर्थेश्वर सिंह }

## आंचलिक नाटकों का कैनवास इन्द्रधनुषी और बहुआयामी रहा



शेक्सपियर के नाटक 'मिड नाइट ड्रीम' का अनुवाद कामदेव का अपना बसंत ऋतु का सपना, का कथानक अभिनय की रम्य शैल और बांस गीतों के साथ विकसित होता है। यह शेक्सपियर की कविता की जटिल चित्रात्मकता और ब्रेख्त के अति यथार्थवादी विचारों को पूरी तरह साकार करते हैं। विशाखादत्त के संस्कृत नाटक का अनुवाद 'मुद्राराक्षस' (1996) शास्त्रीय विधानों को तोड़कर नया विधान द्वारा प्रस्तुत करते हैं। संस्कृत के नाटककार भटट्नारायण का संस्कृत नाटक वेणीसंहार आज के समय में भी यह बहुत प्रासंगिक है। पंडवाणी शैली के प्रयोग ने इसे और भी जीवंत बना दिया है। पोंगवा पंडित हास्य और व्यंग्य से ओतप्रोत बेहद लोकप्रिय नाटकों में से एक है,जिसे हबीब तनवीर गम्मत शैली का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण मानते थे। नया थिएटर की प्रस्तुति विसर्जन का पहला मंचन 2006 को दिल्ली में हुआ। इसके संवाद बंगला और छत्तीसगढ़ी दोनों में है। अतः स्पष्ट है कि पांच दशकों की रंग यात्रा में नाटकों का कैनवास इन्द्रधनुषी और बहुआयामी रहा है जिसमें रंगमंच का पूरा इतिहास दर्ज है।

{ पुस्तक समीक्षा }

## छत्तीसगढ़ के छत्तीस रत्न




कृति के नाव: छत्तीसगढ़ के छत्तीस रत्न
कृतिकार: डी पी देशमुख
समीक्षक: चम्पेश्वर गोस्वामी
प्रकाशक: कला परंपरा प्रकाशन
कीमत: एक सौ पचास रुपए

छत्तीसगढ़ में लोक कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी कला का परचम लहराया है। इन कलाकारों ने त्याग, तपस्या और बिना किसी महत्वाकांक्षा के लोक कला को ऊंचाई देने में कोई कमी नहीं की है। इस पुस्तक 'छत्तीसगढ़ के छत्तीस रत्न' में छत्तीसगढ़ के जाने माने 36 कला विभूतियों को छत्तीस रत्न के नाम से उनके सम्मान में प्रकाशित की गई है। आज इन सभी कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिल चुकी है। इस पुस्तक में समाहित कई विभूतियां अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन वे अपनी कला के माध्यम से हम लोगों के बीच बने रहते हैं। यह उनकी बेहतर कलाधर्मिता का परिणाम है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह पुस्तक अनमोल धरोहर के रूप में कला जगत, पाठकों और साहित्य प्रेमियों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

# खिरोली देव की स्थापना सेवक के रूप में

प्राचीन काल में यहां के राजा भैरमदेव ने भक्त खिरोली को श्री मां भंगाराम की सेवा टहल के लिए केशकाल भेजा था। खिरोली ने माता सेवा में ही अपना जीवन अर्पण कर दिया। मरणोपरांत देवी श्री मां भंगाराम ने उसकी सेवा टहल से प्रसन्न होकर अपनी टोली में देवता के रूप में सम्मिलित कर लिया। चूंकि खिरोली माई जी की सेवा करने वाले देव हैं इसलिए इसकी स्थापना मंदिर के बाहर एक काष्ठ स्तंभ के रूप में की गई है।



आस्थाः घनश्याम सिंह नाग

बस्तर के केशकाल घाटी के आसपास ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के अनेक स्थल हैं, जिन पर आदिवासियों की आस्था है। इसी स्थल पर देवी श्री मां भंगाराम को आदिवासी अपना आराध्य मानते हैं और भक्त मां की सेवा में कोई कमी नहीं करते। इसी भाव के कारण ही अपने भक्त खिरोली की भक्ति भाव से प्रसन्न होकर देव रूप में मान्यता दे दी। इसी कड़ी में स्थानीय मान्यता के अनुसारखिरोली नाम का एक व्यक्ति रावत जाति का था। वह राजमहल में पानी भरने का काम करता था। प्राचीन काल में यहां के राजा भैरमदेव ने उसे श्री मां भंगाराम की सेवा टहल के लिए केशकाल भेजा था। खिरोली माता सेवा में ही अपना जीवन अर्पण कर दिया। मरणोपरांत देवी श्री मां भंगाराम ने उसकी सेवा टहल से प्रसन्न होकर अपनी टोली में देवता के रूप में सम्मिलित कर लिया। चूंकि खिरोली माई जी की सेवा करने वाले देव हैं इसलिए इसकी स्थापना मंदिर के बाहर एक काष्ठ स्तंभ के रूप में की गई है। खिरोली देव को श्री मां भंगाराम देवी की सेवा के लिए भेजा गया था, इसलिए यहां इनकी मान्यता एक समाज सेवक के रूप में है। इसके बाद से खिरोली देव को तुल्य मानकर पूजा अर्चना की जाती है तथा विभिन्न पर्वों पर मुर्गी, परेवा तथा बकरे की बलि दी जाती है।



# कोरिया रियासत काल में पुत्री शाला का महत्व

बैकुंठपुर में कन्या पाठशाला को पुत्री शाला कहते थे। पुत्री शाला में छात्राओं को घरों से लाने ले जाने के लिए महिला कर्मचारी नियुक्त थे। हर मोहल्ले में एक कर्मचारी इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए थे। इनका काम केवल इतना ही होता था, इनके बदले इन्हें वेतन मिलता था। पुत्रीशाला में दरवाजे वाले कमरे नहीं थे,भीतर चारों ओर चार महराबें थीं जिनसे पुत्रीशाला के भीतर पांच कमरों का भ्रम होता था। पुत्री शाला की समस्त व्यवस्थाएं अन्य विद्यालयों से अलग थी।



चिंहारी : कान्ति कुमार जैन

कोरिया रियासत काल के समय बैकुंठपुर में रामानुज हाईस्कूल मैदान से लगा पुत्री शाला का भवन था। बैकुंठपुर में कन्या पाठशाला को पुत्री शाला कहते थे। पुत्री शाला में छात्राओं को घरों से लाने ले जाने के लिए महिला कर्मचारी नियुक्त थे। हर मोहल्ले में एक कर्मचारी इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए थे। इनका काम केवल इतना ही होता था, इनके बदले इन्हें वेतन मिलता था। पुत्रीशाला में दरवाजे वाले कमरे नहीं थे,भीतर चारों ओर चार महराबें थीं जिनसे पुत्रीशाला के भीतर पांच कमरों का भ्रम होता था। पुत्री शाला की समस्त व्यवस्थाएं अन्य विद्यालयों से अलग थी। यहां अध्ययनरत कन्याएं तथा उनके माता पिता पूरी तरह सुरक्षित रहते थे। पुत्री शाला के आसपास के स्थलों की भी अपनी विशेषता रही। पुत्रीशाला के बगल में मीठे पानी का एक कुंआ था जिसके पानी से कचहरी पारा की जल समस्या का समाधान होता था। इस कुएं के आसपास दो चार घर बस गए थे। कुंए के आहाता का दुरूपयोग होने के कारण कुंए को पाट दिया गया। कुएं के थोड़ी आगे दीवान साहब की कोठी के सामने टेनिस कोर्ट था, राजा रामानुज इस टेनिस कोर्ट में रोज संध्या खेलने आते थे।

## बोली और भाषा प्रभावित रही अन्य भाषाओं से



लोक साहित्य : डा. व्यास नारायण दुबे

छत्तीसगढ़ में विभिन्न दिशाओं से आकर अनेक आर्य एवं अनार्य जातियों ने अपना स्थाई निवास बना लिया है। साथ ही वे अपने साथ अपनी अपनी भाषा और संस्कृति भी लेते आए हैं, जिसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ विविध भाषाओं और संस्कृतियों की संगम स्थली बन गया है। इस अंचल में जहां एक ओर आदिम प्रजाति के लोग निषाद परिवार की गदबा, कुर्कू, खरिया और खेरवारी आदि भाषाओं का प्रयोग करते हैं वहीं दूसरी ओर मुंडा वर्ग दो अन्य शिष्ट भाषाओं का प्रयोग सरगुजा जिले के चिक और नगसिया जाति के लोगों द्वारा किया जाता है। द्रविड़ भाषा परिवार की ऊंराव, गोंडी, दोरली और परजी भाषाएं भी प्रचलित हैं। बस्तर जिले के दक्षिण सीमांत में विकृत रूप से तेलगु का तेलगी रूप प्रचलित है। यहां आर्य भाषा परिवार की भतरी, भोजपुरी, बघले और मगही भाषिक रूप एवं हिन्दी भाषा के अतिरिक्त मराठी, उड़यिा, बंगला भाषाएं भी प्रचलित हैं। इसी तरह सिंधी, पंजाबी, गुजराती, उर्दू, तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, असमिया, अंग्रेजी, रूसी और चीनी भाषाएं भी किन्हीं वर्ग के लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाती हैं।

## कहां जाबे डोकरा



लोक खेलः भोला राम सिन्हा

मनखे जिनगी भर कोनो न कोनो खेल खेलथे। ऐमा एक ठन खेल हावय-कहां जाबे डोकरा। येमा 10-20 लईका खेल सकथे। पहिली दांव देवइया चुनथे अउ बाकी लईका मन एक दूसर के हाथ ल धर के गोल घेरा बना के दाम देवइया ल बीच म राखथे त खेल सुरु होथे। लईका मन कथे-कहां जाबे डोकरा। दांव देवइया-जाहूं गली खोर। लईका मन-रुपिया पईसा लेगबो तोर। दांव देवईया-घर ले मोला निकाल दे। लईका मन-चार चवन्नी डार दे। दाम देवइया ह ठठ्ठा मटठा के पईसा देथे ,तहान लईका मन घेरा ल बड़े कर देथे। अइसने पारी पारी बोलके दांव ल आघू बढ़ाय जाथे। ये खेल म कोनो समान के जरुवत नइ परे, न बड़े जान मैदान के। नोनी घलो खेलथे, बाबू घलो अउ सबो झन मिझरा घलो खेलथे। कोनो जगा चोर सिपाही कथें, कोनो जगा डोकरी डोकरा। नाव सार्थक राहय ते मत राहय, फेर लईका मन ल ये खेल-खेल म अब्बड़ मजा आथे। काबर के येमा खेल के संगे संग लय बद्ध गोठ बात घलो होथे।

{ गांव की कहानी
डा. पीसी लाल यादव }

## अनेक उपलब्धियों से भरा गांव बिरखा



राजनांदगांव जिले में बिरखा गांव गंडई से 4 किमी पश्चिम व घटियारी से 1 किमी पूर्व में स्थित है। घटियारी जाने के लिए बिरखा ही प्रवेश द्वार है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि बिरखा ही महाभारतकालीन विराट नगर है। बिरखा के नवनिर्मित शीतला मंदिर में विराजित काले ग्रेनाइट प्रस्तर में उत्कीर्ण चतुर्भुजी देवी की बड़ी सजीव व सुंदर प्रतिमा आसनस्थ है। इसका ऊपरी भाग दांया हाथ खंडित है। नीचे हाथ में अक्ष माला तथा ऊपरी बाएं हाथ में दर्पण व निचला हाथ वर मुद्रा में है। ललितासन इस चतुर्भुजी देवी के पद तल में तीन मानव मस्तिष्क व तीन ऊंटों का शिल्पांकन नई जिज्ञासा पैदा करता है। दोनों ओर उपासिकाएं उत्कीर्ण हैं। इस मंदिर में एक और भव्य व अलौकिक प्रतिमा है जिसमें पांच पुरूष शरीर के साथ एक ही सिर जुड़ा हुआ है। किसी भी ओर से देखने पर वह पांच मूर्तियां पूर्ण रूप से दिखाई देती है। इस स्थान पर एक कुंआ है जिसे बीहर कुंआ के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यह स्थान सागौन, मोखला व पलाश आदि वृक्षों की सघनता के कारण बीहड़ जंगल हैं। इसी स्थान पर इतिहास के पन्नों को संजोए उत्खनन से प्राप्त दो टीले भी विद्यमान हैं।



# परिवार नियोजन कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ता दे रहीं बेहतर योगदान

## पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक धनराशि का हो चुका है भुगतान, परिवार नियोजन कार्यक्रमों के सभी सूचकांकों में आशा कार्यकर्ताओं का भुगतान बढ़ा

प्रखर कुशीनगर। परिवार नियोजन कार्यक्रमों में जिले की आशा कार्यकर्ता बेहतर योगदान दे रही है। यही वजह है कि विभिन्न सूचकांकों में उनका भुगतान बढ़ा है। परिवार नियोजन कार्यक्रमों में आशा कार्यकताओं को जहां वर्ष 2021-22 में करीब 43.21 लाख का भुगतान किया गया, वहीं वर्ष 2022-23 में करीब 66.06 लाख का भुगतान किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वयंसेवी संस्था उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) के सहयोग से अगस्त 2022 में आशा कार्यकताओं का क्षमता वर्धन किया गया। आशा बुकलेट तैयार कर उसके फीडिंग के बारे में जानकारी दी गयी। बीसीपीएम एमआईएस की फीडिंग से उनके कार्यों का मूल्यांकन किया गया। जिस आशा कार्यकर्ता के कार्यों की प्रगति अच्छी नहीं थी, उन्हें चयनित किया गया। ऐसी आशा कार्यकर्ता के क्षमता वर्धन के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गत वर्ष (2020-21) की तुलना में इस वर्ष ( 2022-23) में 23 लाख रुपये का अधिक भुगतान किया गया। इस उपलब्धि में यूपीटीएसयू का भी विशेष योगदान है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि आशा कार्यकताओं का योगदान बढ़ाने के लिए उन्हें आशा वाउचर के सम्बंध में प्रशिक्षित किया गया। सभी सूचकांकों पर निर्धारित इंसेंटिव के बारे में जानकारी दी गयी। इसके बाद से आशा कार्यकताओं ने बेहतर योगदान देना शुरू किया तो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष (2022-23) में डेढ़ गुना काम ज्यादा हुआ है। आशा कार्यकर्ता परिवार



नियोजन कार्यक्रम के तहत कुल 13 मदों में इंसेंटिव मिलता हैं।

**परिवार नियोजन में बढ़ाया योगदान**– तमकूही सीएचसी से जुड़ी आशा कार्यकर्ता रमिता कुशवाहा ने बताया कि आशा बाउचर के प्रशिक्षण के बाद परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं सामग्री प्रबंधक संजीव जायसवाल व यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ शशांक दुबे जी आए। दोनों लोगों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं इस कार्यक्रम में आशा कार्यकताओं को मिलने वाले इनसेंटिव के बारे में विस्तार से बताया तथा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

रमिता का कहना है कि इस संवेदीकरण का परिणाम रहा कि उनके द्वारा वर्ष 2022-23 में तीन पुरुष नसबंदी, एक पीपीआईयूसीडी, एक को त्रैमासिक इंजेक्शन अंतरा तथा एक महिला को नसबंदी की सेवा दिलवाई। तीन पुरुष नसबंदी कराने पर 1200 रुपए का इंसेंटिव मिल चुका है।

तमकूही क्षेत्र की रहने वाली सुनीता देवी( 35) ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। अब उन्हें बच्चे नहीं चाहिए। परिवार नियोजन के लिए स्थायी सेवा नसबंदी अपनाना चाहती हैं। अभी तीसरे बच्चे की उम्र करीब सवा माह की ही है। नवम्बर 23 माह में नसबंदी कराने का इरादा है। तब तक गर्भ न ठहरे इससे बचने के लिए उन्होंने प्रसव पश्चात कापर टी लगवाया है।

**आशा को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि**

-लाभार्थियों को प्रेरित कर त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर प्रति डोज-100 रुपये

-प्रसव पश्चात कापर-टी की सेवा दिलवाने पर -150 रुपये

-गर्भ समापन पश्चात कापर टी की सेवा दिलवाने पर-150 रुपए

-महिला नसबंदी की सेवा दिलवाने पर-300 रुपये

-प्रसव पश्चात महिला नसबंदी की सेवा दिलवाने पर 400 रुपये

-पुरुष नसबंदी की सेवा दिलवाने पर-400 रुपये

-सास-बेटा-बहू सम्मेलन में योग्य दंपति को बुलाने पर-100 रुपये

-नव विवाहित दंपति को सगुन किट वितरण का -100 रुपए

-दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतर रखने के लिए प्रेरित करने पर 500 रुपए

## साप्ताहिक बंदी की सख्ती के लिए एसडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनिया के व्यापारी आज उपजिलाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव से मुलाकात करके साप्ताहिक बंदी शुक्रवार को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए आग्रह और निवेदन किया। उक्त अवसर पर व्यापारी नेता प्रमोद वर्मा ने कहा विगत कुछ शुक्रवार को जो स्थानीय दुकानदार हैं वह चोरी छुपे अपनी दुकान खोल कर व्यवसाय कर रहे हैं, जिससे जो जखनिया बाजार के बाहर के जो व्यापारी यहां अपनी दुकान खोले हैं उनके मन में अपने ही व्यापारियों के प्रति मनमुटाव की स्थिति पैदा हो रही है, जिसकी शिकायत लगातार आ रही है, जो अच्छी बात नहीं है। श्रम कानून के तहत शासन ने जो निर्णय लिया है उसका पालन सबको करना चाहिए। साप्ताहिक शुक्रवार के बंदी के दिन नियम के अंतर्गत जो दुकान आती है उसको पूर्ण रूप से बंद करके रखना चाहिए। व्यापारियों ने प्रशासन से भी सहयोग मांगा और आग्रह किया के बंदी के दिन बाजार



में प्रशासन द्वारा चक्रमण हो और जो भी प्रशासन के नियम के खिलाफ बंदी नहीं करता है, तो उनके दुकानें खुली होने पर जुमार्ना लगाया जाए और कानूनी कार्रवाई की जाए। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय ने कहा किसी भी हालत में जखनिया के व्यापारियों में दुकान खोलने के लिए मनमुटाव और संघर्ष की स्थिति न पैदा हों, सप्ताहिक बंदी के नियम का पालन सबको करना होगा। इस पर उपजिलाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने व्यापारियों को उचित आश्वासन दिया और जिला श्रम अधिकारी से वार्ता किया और प्रशासन को निर्देश दिया की शासनानुसार दुकान बंद रहेगी और जो दुकान नियमाविरुद्ध खुली पायी जाएगी उसपर उचित जुमार्ना किया जायेगा। मौके पर व्यापारी नेता अशोक गुप्ता, विजय गुप्ता, वीरेंद्र पांडेय, गोपाल मद्धेशिया, धर्मेंद्र चौरसिया, अशोक जायसवाल, प्रशांत सिंह, भोला जायसवाल, मुकेश वर्मा, सुनील सिंह टिंकू, चिंटू गुप्ता, अबरार अहमद सहित प्रमुख व्यापारी लोग उपस्थित रहें।

## भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत की जाएंगी आंगनबाड़ी और सहायिकायें

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत सरकार के द्वारा पिछले दिनों चलने वाला पोषण पखवाड़ा 2023 जिसका थीम मिलेट फॉर न्यूट्रिशन रहा है। इस कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किए जाने की योजना है। जिसके लिए राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा एक पत्र बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को भेजा गया था । जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से दो आगनबाडी और दो सहायिकाओं का चयन कर इसका रिपोर्ट भेजा जाना है। जिसकी तैयारी अंतिम रूप विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा एक पत्र विभाग को प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से दो आंगनबाडी और दो सहायिकाओं का चयन कर उसका नाम मांगा गया है। जिसके लिए विभाग की तरफ से सभी परियोजनाओं को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। सभी ब्लाकों पर उनके कार्य के आधार पर उनका चयन कर अंतिम लिस्ट भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि आगनबाडी और सहायिकाओं का चयन पोषण पखवाड़ा 2023 के कार्यों के आधार पर साथ ही भारत सरकार के द्वारा चलाई गई श्री अन्य योजना के प्रोत्साहन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली आंगनबाड़ी और सहायिका के साथ जनसामान्य कार्य के आधार और आंगनबाड़ी केंद्रों का महीने में 21 दिनों का सफल संचालन के साथ कई अन्य बिंदुओं को आधार बनाया गया है। जनपद के कुल 17 परियोजनाओं से 34 आंगनबाडी और 34 सहायिकाओं का चयन किया जाना है जिसमें चयनित आगनबाडी को 5000 और सहायिकाओं को 2500 का पुरस्कार दिया जाना है।

उन्होंने बताया कि इस तरह के चयन प्रक्रिया के बाद पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश उनके कार्यों में और गुणवत्ता लाना और उनका उत्साहवर्धन करना । ताकि गर्भवती किशोरी और कुपोषित आदि कुपोषित बच्चों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का सफल संचालन हो सके और इसका लाभ शत प्रतिशत पात्रों तक पहुंचे।

## राशन डीलरों का बकाया भुगतान जल्द कराया जाय : गिरीश तिवारी



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई की जनपद वाराणसी के ब्लाक चिर ईगाव में कोटेदारों की बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने किया। बैठक में जनपद के कोटेदार उपस्थित थे। राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा नवम्बर से मार्च तक कमीशन का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाय। सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी मे कोई भी राशन डीलर एक पैसा भी अपना लगाकर खाद्यान्न का उठान नहीं करेगा।अब ठीकेदार द्वारा कोटे की दुकान पर खाद्यान्न पहुचाया जायेगा। खाद्यान्न तौलकर ले साथ में बोरी का वजन भी ले। जनपद में जल्द ही कुछ बदलाव किया जायेगा। तथा जागरूक कोटेदार को आगे किया जायेगा। और संगठन में जिम्मेदारी दी जायेगी। बैठक संरक्षक चिर ईगाव भुलन यादव ब्लाक अध्यक्ष हरिशंकर यादव भरत सिंह जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय जिला सचिव अशोक कुमार ब्लाक उपाध्यक्ष अजय सहगल जुमना सर्वजीत यादव सुरेश गुप्ता ब्लाक महामंत्री राजेंद्र यादव नथुनी सिंह रमेश सिंह वीरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## बदलापुर-शाहगंज-आजमगढ़ मार्ग नेशनल हाईवे घोषित

प्रखर बदलापुर जौनपुर। बदलापुर क्षेत्र से होकर गुजरी शाहगंज-आजमगढ़ मार्ग को स्टेट हाईवे से नेशनल हाईवे में बदल दिया गया है इसके लिए लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने एनओसी भी दे दिया है। यह खबर लगते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने की मांग पहले किया था, जिसका परिणाम रहा कि सरकार ने इसके लिए एनओसी जारी कर दी है। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है रमेश मिश्र ने बताया कि चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही वर्तमान सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने की कवायद शुरू हो जाएगी। स्वीकृत मार्ग की लंबाई 65 किलोमीटर होगी। मार्ग बन जाने से बदलापुर-शाहगंज-आजमगढ़ के लोगों को प्रयागराज व गोरखपुर आने-जाने में सुविधा होगी।

# सड़क दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना कोतवाली कासिमाबाद क्षेत्र के मिजार्पुर गांव के सामने मंगलवार की शाम फोर व्हीलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि घायल युवक इलाज के लिए जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के कमल पट्टी गांव निवासी सूरज सरोज पुत्र मुन्ना सरोज उम्र 26 मंगलवार की देर शाम शाहबाजपुर गांव रिश्तेदारी में जाने के लिए बाइक से निकला था।मिजार्पुर गांव के पास पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर जैसे ही गांव के सामने मुख्य सड़क पर पहुंचा तभी सामने से आ रही फोर



व्हीलर वाहन के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े जहां युवक बुरी तरह घायल पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को कासिमाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक सूरज सरोज 1 दिन पूर्व ही गुजरात से कमा कर आया था। जिसकी शादी इसलिए वर्ष नवंबर माह में मरदह थाना क्षेत्र के सेवंथा गांव में गीता देवी से हुआ था। जो तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। मृतक की मां रीना देवी और पत्नी गीता सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी मोहम्मद सरवर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त होने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत मशाल रैली का हुआ सफल आगाज





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आवास से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत मशाल रैली को डीएम और एडीएम समेत अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । इस मशाल रैली में जिले के तकरीबन 700 स्कूली छात्र- छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान डीएम आर्यका अखौरी और एडीएम अरुण सिंह समेत अन्य लोगों ने रैली में मशाल लेकर पद यात्रा किया जो नेहरू स्टेडियम गोराबाजार तक जाकर समाप्त हुई। दरसअल खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत 5 मई को लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी के तहत मशाल रैली को रवाना किया था। ये मशाल रैली कल शाम 5 बजे गाजीपुर-चंदौली बार्डर पर पहुंची जहां पर डीएम आर्यका अखौरी समेत अन्य लोगों ने मशाल रैली का भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही गाजीपुर में विभिन्न जगहों पर मशाल रैली का स्वागत किया गया और ये रैली गाजीपुर शहर में रात्रि विश्राम कर आज सुबह डीएम आवास से मशाल रैली को नेहरू स्टेडियम तक लेजाया गया तत्पश्चात डीएम द्वारा करमपुर स्टेडियम सैदपुर के लिए रवाना किया गया। मशाल रैली को रवाना करने के बाद डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रदेश के विभिन्न शहरों में 25 मई से शुरू होने वाले है। खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्रास रुट लेवल पर खेल को बढ़ावा देने की मुहिम शरू की गई है। खेलो इंडिया के तहत 25 मई से शरू होने वाले गेम्स में 200 विश्वविधालय 21 खेलों में पार्टिसिपेट करेंगे। खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से बच्चों में काफी उत्साह है और बच्चों में खेलने की संस्कृति उत्पन्न होगी। आज गजीपुर में मशाल रैली के साथ तकरीबन 700 स्कूली बच्चों ने रैली में पार्टिसिपेट किया है। ये रैली आज गाजीपुर में दिनभर रहेगी और सैदपुर के करमपुर स्टेडियम होते हुए शाम तक वाराणसी के लिए रवान होगी।

## एनडीआरएफ वाराणसी की विशेष पहल जारी राजघाट पर डूबने से बचाव और बाढ़ बचाव का दिया प्रशिक्षण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में श्रद्धालुओं की संख्या में दिन- प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है और बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक काशी भ्रमण पर आ रहे हैं गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर लोग स्नान और पूजा अर्चना के लिए जाते है और साथ-साथ पर्यटक बोटिंग भी करते है। इस दौरान कई बार डूबने की घटनाएँ भी होती है हालांकि घाटों पर मौजूद लोगों, नाविकों व मल्लाहों द्वारा डूबने वालों के बहुमूल्य जीवन को बचाने की कोशिश भी की जाती है लेकिन प्राथमिक उपचार व घरेलू संसाधनों से बचाव उपकरण बनाने की प्रक्रिया का सही ज्ञान न होने पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसी को ध्यान में रखते हुए बुधवार को उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा 11 एनडीआरएफ वाराणसी के दिशा-निर्देशन में विशेष सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम की मुहीम काशी के सभी प्रमुख घाटों पर लगातार चलाई जा रही है जिसमें घाटों पर मौजूद नाव संचालकों, मल्लाहों, पुलिस कर्मियों, स्थानीय व घाटों पर आए लोगों को बचाव की तकनीकें सिखाई जा रही हैं इसके साथ ही बाढ़ से बचाव की भी जानकारी दी जा रही है इसी कड़ी में आज निरीक्षक आर बी गौतम, निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ की प्रशिक्षित टीम द्वारा राजघाट पर विशेष सामुदायिक जागरूकता अभियान का आयोजन



किया गया कार्यक्रम के दौरान डूबने से बचाव, डूबे हुए पीड़ित से पानी निकालने की तकनीक, सीपीआर देना, घरेलू संसाधनों से तैरने वाले उपकरण बनाना आदि तकनीकों की जानकारी दी गई जिसमें काफी संख्या में नाव संचालकों, मल्लाहों, स्थानीय व घाटों पर आए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा साहित्यकार आदर्श पांडेय को आधुनिक जगत के अनमोल रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित



प्रखर जौनपुर। आदर्श पांडेय को दिल्ली साहित्यिक संस्था हिंदी झ उर्दू अदबी संगम, ने साहित्य के छेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए उनकी पुस्तक आधुनिक जगत के अनमोल रत्न पुस्तक में उनका परिचय प्रकाशित किया है। और साथ ही आधुनिक जगत के अनमोल रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में देश के 50 कवियों को इस रत्न से पुरस्कृत किया गया है। आदर्श पांडेय की कविताएं कई साहित्यिक पुस्तक और अखबारों में प्रकाशित हुई है। इसके पूर्व इनको आकाशगंगा बाल पटल सम्मान से भी 2022 में समानित किया जा चुका है। युवा साहित्यकार आदर्श वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे है।

### ट्रेलर ने मारी पुलिस जीप में टक्कर तीन पुलिसकर्मी घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन हाईवे पर ट्रेलर ने 112 नंबर पुलिस जीप को आमने-सामने टक्कर मार दी। हादसे में हाईवे पर लगी रेलिंग तोड़ते हुए सड़क पर खड़ी 112 नंबर जीप सर्विस रोड पर जाकर पलट गई। इस हादसे में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार फोरलेन हाईवे पर ट्रेलर और पुलिस जीप में आमने-सामने टक्कर हो गई। बेकाबू ट्रेलर हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए जीप से जा टकराया जिससे जीप पलट गई हादसे में 112 नंबर पुलिस जीप चालक अवनीश चंद्र कुशवाहा, पुलिसकर्मी सुनील कुमार, विजय प्रताप सिंह घायल हो गए। तीनों घायलों का इलाज स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया। गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार को इलाज के लिए मऊ स्थित चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मरदह थाना अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए भेजने के साथ ही ट्रेलर चालक को हिरासत में ले लिया है।



### यूसी मास ने आयोजित की 17वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, बच्चों के हुनर से सब हैरान




प्रखर दिल्ली। देश दुनिया में नाम कमाने के साथ यूसी मास दिल्ली में भी अपनी एक अलग और शानदार पहचान बना चुका है, बच्चों से लेकर पेरेंट्स तक की पहली पसंद बनते जा रहे यूसी मास के बारे में कहा जाता है कि यह बच्चों को गणित का महारथी बना देते हैं और बच्चे चंद सेकेंड में करोड़ों की संख्या को प्लस माइनस कर डालते हैं। UC MAS की नई दिल्ली शाखा ने 7 मई, 2023 को नवा हिंद गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल दिल्ली में अपनी 17वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 1000 से ज्यादा बच्चों की उपस्थिति रही। छात्रों ने 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों को हल किया। UC MAS के बारे में कहा जाता है कि यह दुनिया का सबसे पसंदीदा, टॉप रेटेड और सफल अबैकस प्रोग्राम है UCMAS का उद्देश्य अबेकस की मदद से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। बता दें कि 5-13 वर्ष के बच्चों को यह अबेकस सिखाते है क्योंकि इस उम्र में बच्चों का मस्तिष्क विकास बहुत तेजी से होता है। संगठन विभिन्न तरीकों से बच्चों को पढ़ाता है जिसके साथ वे सेकंड में जटिल गणितीय प्रश्नों को आसानी से हल कर सकते हैं। यह उनके आईक्यू स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और उनकी गणना की गति को बढ़ाता है। यहाँ बच्चे बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक उपयोग के जल्दी और सही तरीके से मानसिक गणना करते है। कंपटीशन के दौरान यूसी मास दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गर्ग ने बताया कि आज जिस तरीके से बच्चों में यहां उत्साह देखने को मिला वह वाकई में काबिले तारीफ है यहां जिस तरीके से बच्चों ने एग्जाम को हल किया है उसका रिजल्ट तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन उनके उत्साह को देख कर साफ नजर आ रहा था की इनमे से ही कोई भविष्य का बड़ा सितारा बांके निकलेगा और अपने परिवार हमारा और देस का नाम रोशन करेगा। राजीव कहते है कि यहाँ बच्चों को दिमाग से तेज, मल्टी टास्किंग, टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करके उन्हें जिनियस बनाना ही हमारा मकसद है।

### मतगणना के लिए एजेंट पास बनवाने के लिए उमड़ी भीड़

प्रखर बदलापुर जौनपुर। नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं सभासद पद पर हुए चुनाव के बाद सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज में 13 मई को होने वाली मतगणना में एजेंट बनने के लिए मंगलवार को तहसील परिसर में भारी भीड़ जमा थी अध्यक्ष पद के लिए बनाए गए रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम ऋषभ पुंडीर एवं सभासद पद के लिए बनाए गए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार राकेश कुमार के हस्ताक्षर से मतगणना एजेंट बनाया जा रहा है अध्यक्ष पद के 22 प्रत्याशियों के लिए 6 टेबल पर 132 तथा सभासद पद के लिए 119 प्रत्याशियों पर 251 एजेंट बनाए गए हैं एजेंट बनाने वालों में तहसील के राजस्व कर्मी घनश्याम पटेल, विक्की, ऋषभ, सत्येंद्र ,गजेंद्र आदि लोग मौजूद थे।


**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779, +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं